# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

ताज़ा ख़बरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 35 | सीकर, गुरूवार 02 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी हर व्यक्ति के लिए जरूरी : मील

### कंज्यूमर वॉइस अभियान से जागरूकता को मिल रही मजबूती



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जे.के. मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, झुंझुनू में शैक्षणिक सत्र के पहले दिन उपभोक्ता संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शपथ समारोह का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, स्टाफ एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू के अध्यक्ष मनोज कुमार मील उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक अशोक जांगिड़, विद्यालय की प्राचार्य सुलोचना बुडानिया तथा एसडीएमसी सदस्य यूनुस खान मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की ठगी, धोखाधड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि जिला आयोग द्वारा चलाए जा रहे कंज्यूमर वॉइस अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा डिजिटल लेन-देन में सावधानी के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे आमजन अधिक सतर्क और सशक्त बन रहे हैं। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों को उपभोक्ता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है इसलिए उन पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सशक्त और मजबूत उपभोक्ता के रूप में दायित्वों परिचय देते हुए विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकार की आवाज घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से संबंधित विषयों पर आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील से संवाद किया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार के जागरूकता आयोजनों की सराहना की गई। अंत में सभी ने उपभोक्ता हितों की रक्षा करने एवं सतर्क रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता कुमारी ने किया।

## शानदार परीक्षा परिणाम पर मनाया जश्न



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित जवाहर पब्लिक सी.सै. स्कूल का कक्षा 12 सभी संकाय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय निदेशक राकेश झाझड़िया ने बताया कि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 70 प्रतिशत से उपर उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों का माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर अभिन्नदन किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी व डीजे की धून पर जमकर डांस किया। इस अवसर पर रेणु झाझड़िया, मुकेश शर्मा, सरजीत महला, भवानीशंकर शर्मा, सतीश शर्मा, कविता, पूनम, सानिया, ममता कटेवा, सज्जाद सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सोना 4,120 बढ़कर 1.51 लाख पर पहुंचा

### चांदी 9,701 महंगी होकर 2.40 लाख/किलो हुई



**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में 1 अप्रैल को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4,120 रुपए बढ़कर 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 9,701 रुपए बढ़कर 2.40 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी।

### अलग-अलग शहरों में सोने के दाम अलग होने की 4 वजहें

**ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी:** एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं।

**खरीदारी की मात्रा:** दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है।

**लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन:** राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं।

**पुराना स्टॉक और खरीद मूल्य:** ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे।

### सोना इस साल 16,374 बढ़ा, ईरान जंग के बाद 9,528 गिरा

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 17,658 रुपए और चांदी 9,416 रुपए महंगी हुई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली रामजल सेतु लिंक परियोजना की बैठक

# परियोजना से आमजन को सुनिश्चित होगी निर्बाध जल आपूर्ति : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय जल आयोग ने रामजल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर का तकनीकी परीक्षण कर लिया है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के वित्त पोषण के लिए पीआईबी नोट को शीघ्र अंतिम रूप देने और इसके लिए केन्द्र सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न घटकों में तेजी लाने और मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने परियोजना के पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। साथ ही, परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की प्रगति के संबंध में मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर पर नियमित बैठक आयोजित की जाए। सतत पर्यवेक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से मासिक प्रगति रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने परियोजना से प्रभावितों को मुआवजे के संबंध में विशेष निर्देश दिए।

उन्होंने बीसलपुर से मोर सागर (अजमेर), ईसरदा से बंध बारैठा (भरतपुर), ईसरदा से रामगढ (जयपुर), खुरा चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) एवं ब्राह्मणी बैराज के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने परियोजना के विभिन्न घटकों के अलाइनमेंट की जानकारी भी ली और परियोजना से संबंधित समस्त कार्यों का सघन पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि नवनेरा बैराज और ईसरदा बांध का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रामगढ़ बैराज एवं महलपुर बैराज के काफर डेम एवं ड्रेनेज फीडर का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने नवनेरा बैराज से मेज एनीकट के डूब क्षेत्र तक फीडर निर्माण एवं चम्बल एक्वाडक्ट के निर्माण कार्य, मेज एनीकट से गलवा बांध के डूब क्षेत्र तक फीडर ड्रेन, गलवा बांध से ईसरदा डूब क्षेत्र और बीसलपुर डूब क्षेत्र फीडर निर्माण की प्रगति से भी अवगत कराया।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान में कॉमर्शियल सिलेंडर की फिर बढ़े दाम

### तेल कंपनियों ने इस साल पांचवीं बार बढ़ाई कीमत

जयपुर।



एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत के बीच मंगलवार देर रात पेट्रोलियम कंपनियों ने एलपीजी गैस की कीमतों का रिव्यू किया। जिसके बाद कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 195 रुपए तक महंगा कर दिया है। इस साल में लगातार पांचवा मौका है जब कंपनियों ने कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए हैं, जिसकी नई रेट लिस्ट जारी की है। नई रेट लिस्ट के मुताबकि राजस्थान में आज से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 195 रुपए बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि अब 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1911 रुपए की जगह 2106 रुपए में मिलेगा। जबकि पिछले महीने मार्च में कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 27.50 रुपए और 114 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की थी। जबकि इससे पहले इस साल जनवरी में कंपनियों ने 111 रुपए और फरवरी में 49.50 प्रति सिलेंडर बढ़ाए थे। इस तरह इस साल कॉमर्शियल सिलेंडर पर अब तक 497 रुपए तक बढ़ चुके हैं।

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते मार्च से शुरू हुई रसोई गैस की किल्लत अब भी बरकरार है। आमजन को आज भी घरेलू और कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर लेने में दिक्कत आ रही है। बाजार में आज भी कई कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को सिलेंडर ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है।

## ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर हमला किया

### माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर; ट्रम्प बोले- ईरान से डील की कोई जरूरत नहीं

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है।

## पीएम ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की

### पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर चर्चा की



नई दिल्ली।

दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई।

### 10 दिन में दूसरे बार सीसीएस मीटिंग कर रहे पीएम मोदी

पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है। इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था। पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी। इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, MSMEs, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

### कोबरी-सार




## राज्य की पहचान और सुरक्षा से किया खिलवाड़ : मोदी



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के बिस्वनाथ जिला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता के लिए असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया।

### 'तीसरी बार सरकार' का दावा

प्रधानमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरी बार 'डबल इंजन सरकार' बनेगी। उन्होंने कहा कि यह भरोसा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित है।

### घुसपैठ और अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि इससे असम की लाखों बीघा जमीन प्रभावित हुई।

### कांग्रेस को बताया विकास विरोधी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के जंगलों, अभयारण्यों और वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाया।

## परीक्षार्थियों की ऐतिहासिक सफलता पर मनाया जश्न



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल ने उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी 12 वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यशस्वी कीर्तिमान स्थापित किया। संस्थान के पीयूष ने विज्ञान वर्ग में 98.20 अंक हासिल कर नया अध्याय जोड़ दिया।

स्टार एकेडमी के कक्षा -12 में कुल प्रविष्ट 103 विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जिसमें विज्ञान वर्ग में 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पीयूष कड़वासरा पुत्र सीताराम कड़वासरा प्रथम स्थान, 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर अथर्व निर्वाण पुत्र नवीन द्वितीय स्थान, 96 प्रतिशत अंक हासिल कर गौरव सोनी पुत्र सुरेश सोनी तृतीय स्थानए चेतन पुत्र सुभाष चन्द्र चतुर्थ स्थान पर रहे। कुल प्रविष्ट विद्यार्थियों में 95 प्रतिशत से अधिक .4 विद्यार्थी, 90 प्रतिशत से अधिक-12 विद्यार्थी, 85 प्रतिशत से अधिक-31विद्यार्थी, 80 प्रतिशत से अधिक 52 विद्यार्थी रहे। विषयवार जीव विज्ञान में पीयूष कड़वासरा, अनुज जांगीड़, हंसिका कुमावत, हिमांशु महला ने 100 में से 100 अंक, अंग्रेजी विषय में पीयूष कड़वासरा, हंसिका कुमावत, योगिता ने 100 में से 100 अंक, रसायन विज्ञान में पीयूष कड़वासरा ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। परीक्षा परिणाम जारी होने पर विद्यालय परिवार के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में पधारें मुख्य अतिथियो ने मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। बधाई देने पहुंचे चंचल नाथ टीला पीठाधीश्वर संत शिरोमणि ओम नाथजी महाराज, सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. संजय कटेवा, सीनियर फिजिशियन डॉ. उमेश केडिया, पूर्व विधायक डॉ. मूल सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संपत बारूपाल, समाज सेवी उमाशंकर महमिया, मनोज धूपिया और विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने सभी को मिठाई खिलाकर बधाइयाँ और आशीर्वाद दिया। स्टार एकेडमी स्कूल के सभी विद्यार्थियों व अध्यापक-अध्यापिकाओं ने मोटीवेशनल सोंग व नृत्य के साथ खुशियाँ मनाई तथा विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने विद्यालय परिवार को मिठाई खिलाकर इस जश्न को सांझा किया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जाँगिड़, हरिश्चंद्र कालोईया, मुकेश कुमार, मुकेश तानेनिया, अमित, मुनेश कुमार, श्वेता शर्मा, प्रतिभा शर्मा, विक्रम सिंह, शिवकुमार पालीवाल, विजेंद्र सिंह पंवार, रेणु यादव, नीतू जानू, जितेंद्र स्वामी, दिव्या गुरह, कविता पूनिया, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, कपिल जाँगिड, महेंद्र सिंह बेनीवाल, प्रीतम रजक, नवीन सैनी, पवन कुमार सैनीगल, पपीता कुल्हरी, कर्मसिंह, सोहन सिंह, महिमा शर्मा, अरुण कुमार, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, नेहा अग्रवाल, मनीषा बलोदा, अनिता कुमारी, सुमन कुमारी देवना, सीमा कंवर, नेहा शर्मा, कृष्णा धाकड़, मोनिका जांगिड़, रिंकू चौधरी, पिंकी जाँगिड़, सविता सैनी, सूरज, प्रहलाद सिंह, रिशु आदि समस्त स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

# गौसेवा में आगे आए ग्रामीण, गौशाला में पहुंचाया चारा



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला में गौसेवा का भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिलाए जब गांव के दर्जनों लोगों ने गौवंश के लिए चारा पहुंचाया। विजयपाल सिंह ने बताया कि रिशाल सिंह राइका ने 50 मण, श्रीचंद सिहाग, गिरवर सिंह व कैप्टन महेश ने 35-35 मण, देवकरण बुगालिया व मोहन लाल ने 25-25 मण, गिरधारी लाल सैनी गुहाला व रणजीत बुगालिया ने 30-30 मण चारा भिजवाया गया है इसके अलावा मुकेश राइका प्रभु कालीरावणा व हरीराम सैनी ने भी चारा उपलब्ध कराया। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक ने इस सेवा कार्य में भागीदारी निभाई। अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने बताया कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। गर्मी के मौसम में गोशालाओं में चारे और पानी की जरूरत बढ़ जाती है, ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करना चाहिए। ग्रामीणों के सहयोग से ही यहां रह रहे गौवंश को समय पर चारा उपलब्ध हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र के भामाशाह और ग्रामीण लगातार आगे आकर सहयोग कर रहे हैं, जिससे गोशाला के संचालन में मजबूती आई है। इन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे आगे आकर गौसेवा में योगदान दें ताकि कोई भी गौवंश भूखा न रहे। गोशाला परिसर में सेवा भावना और समर्पण का माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि बुगाला गोशाला क्षेत्र में गौसंरक्षण का केंद्र बन चुकी है, जहां जनसहयोग से निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

# आर्य समाज के प्रधान शास्त्री ने मनाया 86 वां जन्मदिन



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** महर्षि दयानन्द जिला योग समिति के संरक्षक एवं आर्य समाज के प्रधान व केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल धर्म व्रत शास्त्री का 86 वाँ जन्मदिन योग साधकों ने बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया। नियमित योगाभ्यास के बाद वैदिक मन्त्रोंचार के साथ शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक एवं शास्त्री ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन किया एवं हर्बल केक काटकर जन्म दिन मनाया। कार्यक्रम में शुभकरण चौधरी ने शास्त्री को माल्यार्पण एवं शॉल पहना कर उनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें प्रदान कर उनके शतायु होने की कामना की। इस अवसर पर महर्षि दयानन्द जिला योग समिति के अध्यक्ष पवन कुमार, रामनिवास जिनोलिया, डॉ. सम्पत बारूपाल, सुभाष सोनी, संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मीणा, मनीराम खालिया, महर्षि दयानन्द महिला जिला योग समिति की अध्यक्ष सुनीता बेनीवाल, प्रीति शर्मा, मोनिका, मीनू अग्रवाल, रजनी जिनोलिया, सुमित्रा खालिया, राजेंद्र कुमावत, विनोद पुजारी, जीतेन्द्र टीबड़ा ने भी शास्त्री को माल्यार्पण कर उनको जन्म दिन की हार्दिक बधाई दी एवं उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शास्त्री जी ने कहाँ की आप सभी योग साधना का अभ्यास करते है इससे आपका मन और तन दोनों स्वस्थ रहते है।

# राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू टीम रही उपविजेता




निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** 25 मार्च से 29 मार्च तक बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रननेर एप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में चूरू टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। सचिन, अशोक एवं कार्तिक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। वहीं रविंद्र और यशिका ने शानदार मुकाबले खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के निर्देशक सुशील दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में टीम के टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में चिंकीत शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे चूरू जिले में खुशी की लहर है तथा खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं दी।

# अक्षा ने विज्ञान वर्ग में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉप

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्या अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी लियाकत अली खान थे। स्वागत समारोह में संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने टॉपर्स की सराहना करते हुए कहा कि अच्छा काम करने वाला सबको अच्छा लगता है, साथ ही विद्यार्थियों से टॉपर्स जैसी सीख लेने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सम्मान समारोह द्वारा दूसरों को प्रेरणा मिलने की बात कही साथ ही उन्होंने सुकरात व कालीदास के प्रसंग से जागरूक रहने बात कहीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र जांगिड़ व सावित्री ने अपने विचार व्यक्त किये। स्कूल टॉपर अक्शा पुत्री मो. आवेश ने 98.40 प्रतिशत व शोभित मीणा, लक्ष्य, रेखा, नफीसा, अक्षत मीणा, गुन्जन जांगिड़, पारस, संजय मीणा, जैनब खान, प्रीति, रेखा कुमारी, पारस चावला, अनिशा, पलक, पूजा गर्वा, कनिष्क, तनिष्का, अंकित मीणा, जतिन कुमार, नमन गोयनका, आरजु सैनी, निखिल, प्रणव, लक्ष्य बरवाड़ा, तनिष्का, सिद्धि, प्रतिभा, अलिशा, पुनम कुमारी, संदीप कुमार नायक, अनामिका, पलक, दृष्टि, मंशुरी थाकन, कुमकुम, भूमिका, नीर, पायल मीणा, अल्ताफ, सना बानो, जरनेन खानम, आयूष, चंचल, तन्वी को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रागंण में तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर अभिभावकगण के साथ मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाऐं की। उन्होंने माध्यमिक परीक्षा में बने रिकॉर्ड को तोडकर अप्रत्याशित व उत्कृष्ठ परिणाम देने पर धन्यवाद ज्ञापि किया और कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थी अपना, अपने विद्यालय परिवार व देश का नाम रोशन करें। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी अक्शा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबन्धन, गुरूजन, दादा-दादी, माता.पिता व मामा को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद है। अक्शा भविष्य में आईआईटी क्षेत्र में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। सहायक अभियन्ता ज्योति ढूकिया व प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रांगण डीजे बजाकर एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में महिपाल सिंह, शबनम, विद्याधर सिंह, महेश, सुनिता, सांवरमल, नेमीचन्द, प्रमिला, रूखसाना, मन्जू बाला, मनराज, विकास, रवि, महावीर प्रसाद, अख्तर अली, सुशिला, शीशराम, सुरेश, सुभाष, डॉ. चन्द्रभान पालाराम, किरण, अब्दुल रसीद, विजेन्द्र सिंह, मन्जू देवी, मुकेश, अमर सिंह, सुरेश, बाबूलाल, सचिन, साहिद खान, मुकेश कुमार, संदीप, रणजीत सिंह, विमला देवी, सन्तोष देवी सहित अभिभावकगण मौजूद रहे। प्राचार्या निधि सिहाग, राकेश झाझड़िया, मंगलाराम जांगिड, सुधीर शर्मा, योगेन्द्र बसेरा, पवन कुमार, सुभाष सैन, दिनेश कुमार, सुनील मील, हीरा सिंह, मनीष सैनी, अनिता सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# बालाजी महाराज का 15वां विशाल जागरण आज



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** शहर में धार्मिक आस्था का माहौल एक बार फिर देखने को मिलेगा, जब श्री बालाजी महाराज का 15वां विशाल जागरण आगामी 2 अप्रैल 2026 गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर रात्रि 9 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री बीहड़ बुगली बालाजी धाम, सोमनाथ जी मंदिर के पास, सरदारशहर में किया जाएगा। आयोजक मंडल श्री बीहड़ बुगली बालाजी भक्त मंडल, सरदारशहर द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं, जिससे कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। जागरण में भक्ति संगीत की प्रस्तुति भजन सम्राट संत गुलाबनाथ महाराज रूकनसर धाम द्वारा दी जाएगी, जो अपनी मधुर भजन गायकी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में संत कैलाशनाथ महाराज का पावन सान्निध्य भी प्राप्त होगा। मंदिर के पवन पुजारी ने बताया कि कार्यक्रम में भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, पुष्प वर्षा और महाप्रसादी जैसी विशेष व्यवस्थाएं रहेंगी।

# सेवानिवृत्ति पर जमादार विनोद चांवरिया का किया अभिनंदन




निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** सूरजगढ़ रोड स्थित मधुसूदन फार्म हाउस में नगरपालिका चिड़ावा के जमादार विनोद कुमार चांवरिया के सेवानिवृत्ति पर सर्वसमाज की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका की पूर्व चेयरमैन मधु शर्मा ने की। समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान निहाल सिंह रणवा, आरएसएस के जिला संघचालक शिक्षाविद अनिल गुप्ता, सूरजगढ़ के पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हरिसिंह सांखला, समाजसेवी शीशराम हलवाई, विश्व हिंदू परिषद चिड़ावा के अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, अग्रवाल जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश गाडिया, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट खादिम हुसैन, पूर्व पार्षद सुरेश जलिन्द्रा, कर सलाहकार गंगाधर सांखला, सैनी समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुसुम लता शर्मा मंचासीन रहे। अतिथियों ने सेवानिवृत्त जमादार विनोद कुमार को माला, साफा, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावभीना सम्मान किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में जमादार विनोद कुमार के निष्ठापूर्ण सेवाकाल और सराहनीय कार्यकलापों की विस्तार से जानकारी दी। अभिनंदन पत्र का वाचन श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की राजस्थान ब्रांड एम्बेसडर पूजा शर्मा ने किया। इस अवसर पर पीएचईडी के पूर्व अधिशाषी अभियंता रामकुमार झाझडिया, निवर्तमान पार्षद जगदीश प्राण, रजनीकांत मान, राकेश नायक, मुकेश पूनिया, नरेंद्र अरड़ावतिया, ठेकेदार अमीलाल कटकी, राजन सहल, कुलदीप भगासरा, प्रवीण कालीरावणा, कन्हैयालाल शर्मा, अभिषेक शर्मा बाबू, असलम ठेकेदार, कैलाश संदीप जोशी, रामजी लाल सैनी, रवि पचेरीवाला, ओमप्रकाश, कैलाश अरडावतिया, अमरसिंह तंवर, जगदेव शर्मा, राजेश नातवाल, देवेन्द्र सैनी, विनोद शर्मा, एडवोकेट प्रभुदयाल वर्मा, विक्रम शर्मा, बाबूलाल सैनी, एडवोकेट विनोद डांगी, सतीश शर्मा ओजटू, वैद्य रामनिवास पारीक, राधेश्याम सुखाडिया, ओमप्रकाश स्वामी, महेश शर्मा आजाद, डॉ. एलके शर्मा, सुशील तामडायत, मास्टर निरंजन लाल शर्मा, अजीत चनानिया, राकेश सबलानिया, सुशील शर्मा, अनिरुद्ध तामडायत, चरण सिंह, कुलदीप भगासरा, सत्येन्द्र कौशिक, सुनील शर्मा, उत्तम टेलर, शिव कुमार शर्मा, रमेश बाछुका, अमित भगेरिया, महेश जांगिड़, रमेश अग्रवाल, बाबूलाल बसवाला, गुलाब मातुराम मेघवाल, सुभाष झाझडिया, महावीर कोठारी, रमेश बाछुका, राजेन्द्र पारीक, शक्ति भारद्वाज, सुरेन्द्र नायक, अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष अरडावतिया एवं डॉ. चंचल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन रात्रि में आयोजित स्नेह मिलन और प्रीतिभोज के साथ हुआ। सर्वसमाज के लोगों ने विनोद कुमार के स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की।

# शानदार परीक्षा परिणाम पर मनाया विजयोत्सव, प्रतिभाओं का किया सम्मान

निसं




**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** पीएमश्री रमादेवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 12 कला की परीक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम होने पर विजयोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य मूलचंद कालेर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की उपस्थिति में छात्राओं का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। 8 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। टॉपर छात्रा काजल कुमावत ने 93.20 प्रतिशत नाजिया लुहार ने 92.80 प्रतिशत रुखसार बानो ने 91.40 प्रतिशत अंक से अव्वल रही। कक्षा 10 की छात्रा आलिया ने 86.33 प्रतिशत, खुशी कुमावत ने 81.00 प्रतिशत, निहारिका वर्मा ने 79.50 प्रतिशत अंक हासिल किए। टॉपर छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को साथ ही उपचारात्मक शिक्षण हेतु नियुक्त आरती पुँखिया, मोनिका जांगिड़, सोनू जांगिड़, पायल एवं संगीत शिक्षक आमिर खान का भी सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य कालेर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अभिभावक एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संचालन व्याख्याता कविता फांडन एवं शिक्षक रामावतार ने किया। पी एम श्री रमादेवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 12 कला की परीक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम होने पर विजयोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य मूलचंद कालेर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की उपस्थिति में छात्राओं का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। 8 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। टॉपर छात्रा काजल कुमावत ने 93.20 प्रतिशत नाजिया लुहार ने 92.80 प्रतिशत रुखसार बानो ने 91.40 प्रतिशत अंक से अव्वल रही। कक्षा 10 की छात्रा आलिया ने 86.33 प्रतिशत, खुशी कुमावत ने 81.00प्रतिशत, निहारिका वर्मा ने 79.50 प्रतिशत अंक हासिल किए। टॉपर छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को साथ ही उपचारात्मक शिक्षण हेतु नियुक्त आरती पुँखिया, मोनिका जांगिड़, सोनू जांगिड़, पायल एवं संगीत शिक्षक आमिर खान का भी सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य कालेर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अभिभावक एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संचालन व्याख्याता कविता फांडन एवं शिक्षक रामावतार ने किया।

# पोलादास बालाजी का मेला आज



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** दिल्ली फुलेरा रेलवे लाइन पर श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन से उत्तर की ओर मानव रहित रेलवे फाटक नंबर 98 के पास स्थित जन जन की आस्था के केंद्र श्री पोलादास बालाजी का मेला गुरुवार 2 अप्रैल को भरेगा। मंदिर पुजारी राजेश स्वामी ने बताया कि बुधवार 1 अप्रैल को प्रात: रामायण पाठ और रात्रि में हवन का आयोजन किया गया वहीं 2 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 2:15 बजे से भिन्न-भिन्न राशि की 25 कुश्तीया करवाई जाएगी तथा रात्रि में प्रकाश गुर्जर एंड पार्टी द्वारा विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। कुश्तीयो की संख्या एवं राशि पहलवान के स्तर अनुसार घटाने बढ़ाने का अधिकार मेला कमेटी ने अपने पास सुरक्षित रखा है। रात्रि 8:15 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी ने क्षेत्र वासियों से मेले में पधार कर बालाजी के दर्शन लाभ प्राप्त करने और पुण्य लाभ कमाने का आग्रह किया है।

# प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में स्टील गिलास में पिलाया नींबू पानी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** शहर के सुभाष चौक में धार्मिक श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का एक अनूठा संगम बुधवार को देखने को मिला। श्री लंकापुरी बालाजी धाम निशान यात्रा के पदयात्रियों की सुविधा के लिए आयोजित एक सेवा शिविर में सेवा ही संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की गई। इस समस्या को देखते हुए इंद्र चंद्र शर्मा और उनकी टीम द्वारा इस बार एक सराहनीय बदलाव किया गया। शिविर में पदयात्रियों को प्लास्टिक के बजाय शुद्ध स्टील के गिलासों में नींबू पानी वितरित किया गया। इंद्र शर्मा ने बताया कि आमतौर पर सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सिंगल.यूज प्लास्टिक या डिस्पोजेबल कप के उपयोग से कार्यक्रम के बाद कचरे का अंबार लग जाता है। इंद्र चंद्र शर्मा ने बताया कि सेवा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता बनी रहे और प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद किया जाए। स्टील के गिलासों का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए बेहतर है, बल्कि यह हमारे शहर को कचरा मुक्त रखने में भी मदद करता है। भीषण गर्मी के बीच अपनी यात्रा पूरी कर रहे श्रद्धालुओं ने इस ठंडे पेय से राहत पाने के साथ-साथ आयोजकों की इस नो-प्लास्टिक सोच की जमकर सराहना की। इस दौरान सेवाभावी युवाओं की टोली ने स्वयं गिलासों को धोने और पुनरू वितरण की जिम्मेदारी संभाली, जिससे आयोजन स्थल पर पूर्णत: स्वच्छता बनी रही। इस दौरान भाजपा शहर महामंत्री हरेंद्र सिंह जैदिया, दिनेश शर्मा, पवन काशल्या, अनुराधा सरपंच, विष्णु कुमावत, रामचंद्र कुमावत, भावेश कुमावत, विजयराणा, अनिल कुमावत, सुरेश चोटिया आदि ने कार्य में सहयोग किया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर आज होगा भंडारा, कलश यात्रा निकाली

निसं




**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** गोठड़ा ग्राम पंचायत के रामदेव मोहल्ला स्थित श्री डूंगरी वाले बालाजी मंदिर में गुरूवार को भगवान बालाजी के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएंगा। बालाजी के जन्मोंत्सव पर भंडारे का आयोजन होगा। बुधवार को डूंगरी वाले बालाजी मंदिर बालाजी के जन्मोंत्सव पूर्व बुधवार सुबह ग्यारह बजे कलश यात्रा निकाली गई। पंडित ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर समाज सेवी हरीराम गुर्जर के सानिध्य में कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा का गोठड़ा ग्राम पंचायत के मुख्य रास्तों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर में जाकर संपन्न हुई। समाज सेवी हरीराम गुर्जर ने बताया कि गुरूवार सुबह सवा ग्यारह बजे विधिवत रूप से बालाजी की पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया जाएंगा। इस मौके पर राजकुमार, दुलीचंद सैनी, मुकेश कुमार, कैलाश चंद सैनी, सनील, विक्रम गुर्जर आदि सैंकड़ों श्रद्धालूओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

# आफरीन को मिली काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी

निसं

चूरू (नवयत्न)। भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बालिका प्रोत्साहन के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार की काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी मिलने से बालिकाओं को उच्च शिक्षा सुलभ हो रही है। ऐसा ही एक उदाहरण है चूरू शहर के वार्ड नंबर 21 निवासी आफरीन काए जिनको काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी मिलने पर उनकी पढ़ाई में काफी सहयोग मिला है। आफरीन के पिता रफीक खान मजदूरी कर आजीविका चलाते हैं। एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाली आफरीन बताती हैं कि वह वर्तमान में राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बीए में पांचवे सेमेस्टर की नियमित विद्यार्थी हैं। उन्होंने वर्ष-2023 में 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ कला संकाय में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की और राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बीए में प्रवेश लिया। उनके घर की दूरी कॉलेज से ज्यादा होने के कारण उन्हें कॉलेज आने-जाने में बहुत



समय व्यतीत होता था। इसके बाद उन्हें कॉलेज के माध्यम से काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना का पता चला और उन्होंने आवेदन किया तो चयन के पश्चात उन्हें तीसरे सेमेस्टर में स्कूटी मिली। आफरीन बताती हैं कि स्कूटी मिलने के बाद उनके जीवन में बहुत सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। अब उन्हें कॉलेज जाने के लिए स्टैन्ड पर ऑटो का इंतजार नहीं करना पड़ता। पहले कॉलेज आने-जाने में लगने वाला अतिरिक्त समय बचने लगा है और आर्थिक बचत भी हो रही है। वह बचे हुए समय को पढ़ाई में उपयोग लेने लगी हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार हुआ है। वह बताती हैं कि उनका लक्ष्य भविष्य में अध्यापक बनना है। उनके लक्ष्य प्राप्ति के लिए लिए यह स्कूटी बहुत सहयोगी भूमिका निभा रही है। वह अब आसानी से कॉलेज व लाइब्रेरी जा पा रही हैं। आफरीन कहती हैं कि स्कूटी मिलने से उनकी शिक्षा सुलभ हुई है, जिससे अब वह अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के संचालन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

## भामाशाह द्वारा कंप्यूटर सेट भेंट



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचा नेहरू नोखा में आज एक भामाशाह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भामाशाह रामूराम सोनी व उनके पुत्र स्वरूप सोनी, गणपत सोनी, शंकर सोनी, मनोज सोनी द्वारा विद्यालय को एक हाईटेक कंप्यूटर सेट भेंट किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। भामाशाह व अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक रूप से साफा, बहुमान पट्टिका एवं माला द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवकरण बिश्नोई ने किया। मनोज कुमार पांडेय व सोनी परिवार को प्रेरित करने वाले शिक्षक लिखमाराम मेघवाल ने सोनी परिवार के इस कदम की सराहना की और देवी स्वरूप बालिकाओं के विद्यालय में सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु आग्रह किया। अपने संबोधन में भामाशाह पुत्र गणपत सोनी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपने संघर्ष के दिनों के अनुभव साझा किए और मेहनत एवं लगन से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों का मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक लिखमाराम मेघवाल ने भामाशाह सोनी परिवार से उपस्थित गणपत सोनी, बजरंग जोशी, मनोज सोनी, कपिल सोनी, के साथ अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी एवं समस्त उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनीता खीचड़, इन्द्रा बिश्नोई, बसन्ती चौधरी, टीना, डेनीयल, नरेन्द्र सोलंकी, रामकेश माल, अश्विनी मोदी, जाकिर हुसैन, कंचन दर्जी, सरिता गहलोत, सयम सैन सहित अन्य शिक्षक अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं प्रेरणा का वातावरण देखने को मिला।

## निशान पद यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मंडी के लक्ष्मणगढ़ रोड़ स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में सेवा शिविर चल रहा है। आयोजक समिति के सुरेश शर्मा ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर सालासर बालाजी के निशान पद यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया जा रहा है। जिसमे चाय, नाश्ता, जल पान एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है। डॉ. नंदकिशोर कुमावत के नेतृत्व में एलक्ट्रोपैथी, एक्यूप्रेसर चिकित्सा शिविर भी लगाया जा रहा जिसमें यात्रियों को मशीनों के माध्यम से सेवा की गई। मंदिर परिसर में महिलाओं की ओर से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का कीर्तन किया गया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। पंडित दिलीप शर्मा ने पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुकेश डोटासरा, महेंद्र दादरवाल, राजेन्द्र पोरवाल, गोविन्द पतासावाला, मुकेश बारी, मनोज पोरवाल, दिनेश जांगिड़, रामस्वरूप जांगिड़, गोविन्द जांगिड़, जितेंद्र दूलर, सज्जन सैन, विद्याधर डोटासरा सहित अन्य भक्त गण सेवा में जुटे रहे। इधर श्री सालासर धाम पदयात्री सेवा शिष्ट मंडल की ओर से सालासर जाने वाले पद यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया जा रहा है। मंडल की ओर से यात्रियों के लिए चाय पानी नास्ते, ठहरने एवं दवाइयों की व्यवस्था कर सेवा की गई है।

## स्कूल के टॉपर्स का हुआ सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन कुमार सोनी रहे। पवन सोनी के सौजन्य से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 प्रतिभाओं का चांदी का सिक्का देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार स्वामी ने की। इस अवसर पर पवन सोनी ने कहा कि निरंतर मेहनत हमें सफलता की ओर ले जाती है। प्रधानाचार्य राजेंद्र स्वामी ने कहा कि समय आने पर मेहनत का फल अवश्य मिलता है। धर्म सिंह मीना ने बताया की कक्षा 12 विद्यालय की 5 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 10 और 12 के 26 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। सम्मान समारोह में प्रतिभाओं और अभिभावकों का सम्मान किया गया। कक्षा 12 की रीना शर्मा 94 प्रतिशत, निशा 93.20 प्रतिशत, कांता मेघवाल 91.20 प्रतिशत, कुमकुम शर्मा 90.40 प्रतिशत, पूजा कंवर 90.60 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में अनिल नायक 88 प्रतिशत, चंदा 86 प्रतिशत, रीना शर्मा 88 प्रतिशत, कक्षा 10 के टॉप 3 छात्रों को चांदी का सिक्का देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गणेश खिलेरी, कालूराम खिलेरी, कैलाश शर्मा, सुभाष शर्मा, राजेंद्र भाटी, गोपाल डीलर, स्टाफके लक्ष्मी पिलाणिया, सुरेन्द्र कुमार, रूघाराम, मोहित, रोहित, राहुल, हेमंत, नरेश मीना, विजयपाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद और लक्ष्मी पिलाणिया ने किया। इसके बाद रैली में निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया।

# महिलाओं को घर बैठे रोजगार प्रदान कर रही है राज्य सरकार

## मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में रोजगार व आजीविका के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को उनकी अभिरूचि एवं क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए वर्क फ्रॉमहोम-जॉबवर्क से जोड़ना है साथ ही तकनीकी, कौशल व अन्य किसी क्षेत्र में दक्ष महिलाओं को जो वर्क फ्रॉम होम-जॉब वर्क करने की इच्छुक है, उनको राजकीय विभागों, स्वायतशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र में वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क के अवसर प्रदान करना है। ऐसी महिलाएं जो वर्क फ्रॉम होम कर अपने परिवार को आजीविका में योगदान दे सकती हैं, उन्हें यह योजना एक उचित अवसर प्रदान करती हैं। इसके तहत विधवा, तलाकशुदा, दिव्यांग और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है।

यह योजना राजस्थान के महिला अधिकारिता विभाग द्वारा क्रियान्वित की गई है। सरकारी विभाग, निजी संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के माध्यम से राजस्थान सरकार सभी पात्र महिलाओं को घर से ही काम करने के अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत जॉब प्रदान करने वाली निजी फर्म जो महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम प्रदान करती है और महिला कार्य भुगतान 5000 रूपये से अधिक हो तो उसे प्रशिक्षण शुल्क के तौर पर प्रति महिला प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि 3000 रूपये देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कार्यक्षेत्र सिलाई, मार्केटिंग, आभूषण निर्माण, टेली कॉलिंग, री-सेलिंग इत्यादि है। इस योजना के तहत महिलाएं ऑनलाइन काम करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं और अपनी रूचि के अनुसार काम चुन सकती हैं। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मददगार है। योजना की पात्रता के तहत महिला को राजस्थान की मूल निवासी होना और न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। महिलाएं नि:शुल्क पंजीकरण कर इच्छित वर्क फ्रॉम-जॉब वर्क हेतु आवेदन कर सकती हैं। निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा डीओआईटी के माध्यम से तैयार पोर्टल द्वारा वर्क फ्रॉम होम वर्क जॉब के अवसर प्रदान करवाने वाले नियोजनकर्ताओं को इससे जोड़ा जाएगा। इसके लिए आवेदन एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर किया जा सकता है। नामांकन के लिए आधार और जनआधार होना अनिवार्य है। पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चात महिलाएं अपने कौशल के अनुसार उपलब्ध नौकरियों को देख सकती




हैं और उनके लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के पश्चात विभाग द्वारा आवेदकों के दस्तावेजों की सफल सत्यापन के पश्चात नौकरी के उचित अवसर प्रदान किये जाएंगे।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

निसं

**पलसाना ( नवयत्न )।** कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्यापीठ शिक्षण संस्थान की छात्र-छात्राओं ने पलसाना ब्लॉक में ऐतिहासिक परिणाम के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं का बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को माला, साफा एवं मेडल पहनाकर उनके अभिभावकों के साथ शानदार सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर रिछपाल सिंह रूलानिया थे, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सीबीएसई प्रिंसिपल राजेश गोदारा ने की। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय की कला संकाय की छात्रा कोमल बिजारणिया पुत्री रामपाल बिजारणिया 97.80 प्रतिशत, विज्ञान संकाय की छात्रा कोमल कंवर शेखावत पुत्री दिलीप सिंह शेखावत ने 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का ही नहीं बल्कि पलसाना क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। कोमल कंवर ने जीव विज्ञान में 100 में 100 और केमिस्ट्री में 100 में 99 अंक प्राप्त किए। वही कोमल बिजारणिया ने ज्योग्राफी एवं राजनीति विज्ञान में 100 में 99 अंक प्राप्त किया। बिजारणिया ने कुल अंकों में से मात्र 11 नंबर ही छोड़े। डीजे के साथ परिणाम की खुशी में खुशी के साथ झूमती हुए नृत्य शानदार प्रस्तुति दी। डायरेक्टर रूलानिया ने आभार व्यक्त करते हुए मोटिवेशन दिया। इस दौरान डायरेक्टर रिछपाल सिंह रूलानिया, प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार मीणा, बनवारीलाल कुमावत, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, सतवीर, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद सैनी, जुगलकिशोर, लालचंद, बनवारीलाल, सीताराम, सुभाष कुमार, सुरेंद्र सिंह, कैलाश चंद्र, पन्नालाल, नीतू, संगीता, मीना, पूजा सहित विद्यालय स्टाफ छात्राएं मौजूद थे।




### टॉपर्स छात्र छात्राओं ने बताए अपने सफलता के राज

कला संकाय की छात्रा कोमल बिजारणिया ने कहा कि मैं अपनी सफलता का श्रेय माता-.पिता एवं गुरुजनों को देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे पूरी तरह से मार्गदर्शन प्रदान किया। विज्ञान संकाय की छात्रा कोमल कंवर शेखावत ने कहां की मैं प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी, परिणामस्वरूप मैंने जीव विज्ञान में 100/100 तथा रसायन विज्ञान में 99/100 अंक प्राप्त किये है, मैं अपनी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता तथा गुरुजनों को देना चाहती हूं।

## नवजात शिशुओं को संक्रमण की रोकथाम हेतु बेबी किट वितरित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ एस एन शुक्ला की प्रेरणा से स्वर्गीय निरंजन लाल केडिया परिवार के आर्थिक सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल के जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 32 किट संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए।

डॉ सुमन भालोठिया ने अस्पताल में उपस्थित नवजात शिशुओं की माताओं को बच्चों के संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की एवं स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक एवं जोन चेयरमैन डॉ एसएन शुक्ला, जोन सेक्रेटरी एवं रीजन पर्यावरण डिप्टी डायरेक्टर सूमेरसिंह कर्णावत, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स ट्रस्टी व निवर्तमान अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार मुंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, रीजन केंद्र डेवलपमेंट डिप्टी डायरेक्टर सुभाष चंद्र जोशी, रीजन इवेंट मैनेजमेंट डिप्टी डायरेक्टर सीताराम सैनी, एमआईएफ एवं संस्था सेक्रेटरी प्रदीप कुमार शुक्ला एवं काफी संख्या में गणमान्य व अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह की मनमोहक झाकियां सजाई

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं. 4 सैन मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह की मनमोहक झांकियां सजाई गई। व्यास पीठ से मदन लाल शर्मा ने कथा के छठे दिन महारास लीला, कंस मर्दन एवं श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह के प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ श्री धाम वृंदावन में महारास लीला की तब स्वयं भोले नाथ भी महारास लीला में सम्मिल्लित हुए। महा रास का तात्पर्य जीव और ब्रह्म का मिलन ही महारास लीला है। भगवान ने पाप अधर्म रूपी कंश वध किया। अपने माता-पिता देवकी वसुदेव को कारागार से मुक्त करवाया। जरासन्द ने 17 बार मथुरा पर चढ़ाई करवाई व भगवान श्रीकृष्ण ने 18 वीं बार जरासन्द को परास्त कर मथुरा को छोडकर स्वयं ब्राह्मणों की रक्षा करने के लिए द्वारका पहुँचे। भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार 108 रानियों से विवाह कर बड़ी धूमधाम से रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव हुआ। आरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। कथा के दौरान शिवानी दीदी कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर राजकुमार सैनी, सांवर मल शर्मा, सीताराम सैनी, सज्जन सैन, राजू सैन, मनोज, गिरधारी, मैना, विनीता, सीमा शर्मा, अनिता सैन, रतनी गुर्जर, माया, पुष्पा, आयना, बनारसी, केशरी देवी, मीरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# उपजिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में हुआ 94 वर्षिय वृद्ध महिला का सफल ऑपरेशन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में देवगढ़ निवासी 94 वर्षिय वृद्ध महिला के कुल्हे की हड्डी का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। जो एक बड़ी बात है। पहले चूरू, हिसार, जयपुर व बीकानेर में मिलने वाला उपचार व सुविधाएं अब तारानगर के अस्पताल में मरीजों के लिए शुरू हो गया है। अस्पताल में कार्यरत हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. विजयपाल कड़वासरा ने बताया कि देवगढ़ गांव की 94 वर्षिय माली पत्नी पूर्णाराम को उसके परिजन अस्पताल में लेकर



आए थे। जिसके एक्सरे में कुल्हे की हड्डी में फ्रैंक्चर के बाद कई टुकड़े होना पाया गया। साथ ही मरीज महिला की मानसिक हालत भी ठीक नहीं थी। मरीज की उम्र अधिक होने एवं मानसिक रोगी होने के कारण यह सर्जरी काफी जटिल हो गई थी। जिसके चलते महिला के परिजनों को सर्जरी के खतरे समझाकर उनसे सहमति ली गई। जिसके बाद ट्रोमा सेंटर के ऑपरेशन थिएटर में वृद्ध महिला का जटिल ऑपरेशन करते हुए हड्डियों के टुकड़ों को जोड़ा गया। डॉ. कड़वासरा व निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राकेश शर्मा के द्वारा किया गया। करीब दो घंटे तक चल ऑपरेशन के बाद 94 वर्षिय वृद्धा का सफलतापूर्वक उपचार कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद वृद्धा को सामान्य वार्ड में देखरेख एवं उपचार हेतु भर्ती किया गया है। उन्होने बताया कि कूल्हे की सर्जरी व ऑपरेशन वैसे ही जटिल होता है। उपर से मरीज की उम्र 94 साल हो तो ये और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। महिला का ऑपरेशन आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत पूर्णतया नि:शुल्क किया गया। उनके साथ नर्सिंग अधिकारी बनवारी लाल जांगिड़, शिवचरण, ओटी सहायक विकास चोपड़ा व कृष्ण कुमार की टीम ने सर्जरी में सहयोग किया।

# परीक्षा परिणामों में मीरा निकेतन स्कूल का दबदबा

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में इस बार मिरानीकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपना दबदबा कायम किया है। विज्ञान, कला और कृषि-तीनों वर्गों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान वर्ग में गांव मालसर की राधिका गोस्वामी ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं बादडिया की कंचन शर्मा ने 91.40 प्रतिशत अंक के साथ शानदार सफलता दर्ज की। इसके अलावा सरस्वती रंगेरा ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कृषि वर्ग में गौरूराम साहू 89.20 प्रतिशत, बलदेव सिंह 84.40 प्रतिशत, जसोदा 84.40 प्रतिशत, कांता सुथार 82.60 प्रतिशत, मन्नत कंवर 81.20 प्रतिशत और कृतिका 81.80 प्रतिशत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं कला वर्ग में अंजली 83 प्रतिशत, प्रवीण सिद्ध 81.80 प्रतिशत और पूनम सुथार 77.80 प्रतिशत ने भी अच्छे अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। खास बात यह रही कि मीरा निकेतन स्कूल की ग्रामीण परिवेश की बेटियों ने सीमित संसाधनों और घरेलू जिम्मेदारियों के बावजूद उत्कृष्ट परिणाम देकर नई मिसाल पेश की। बादडिया गांव की कंचन शर्मा की सफलता विशेष रूप से प्रेरणादायक रही। वह रोजाना करीब 33 किलोमीटर दूर से स्कूल आती-जाती रही और बिना किसी ट्यूशन के यह उपलब्धि हासिल की। पढ़ाई के साथ-साथ उसने घर के कामका, पशुओं की देखभाल और खेतों में भी सहयोग किया, फिर भी अपने लक्ष्य से नहीं डिगी। इस दौरान सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरुजनों सहित अपने विद्यालय को दिया। वही परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिवार ने प्राचार्य रामकुमार स्वामी के नेतृत्व में सफल विद्यार्थियों के घर.घर जाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान स्टाफ सदस्य अनीता शर्मा, गीता सोनी, हरिनारायण जाखड़, राहुल तंवर, सुरेन्द्र और अजय चारण ने विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य रामकुमार स्वामी ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत के कारण यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जरूरत सिर्फ सही दिशा और प्रोत्साहन की होती है। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाइयां बांटी और विद्यालय परिवार का आभार जताया। मिरानीकेतन स्कूल का यह परिणाम क्षेत्र की शिक्षा के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।



## वंदे मातरम् राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है : एबीवीपी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुजानगढ़ द्वारा परिसर-परिसर वंदे मातरम् अभियान के तहत सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद एवं सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य साधना सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। आज के युवा को देश के क्रांतिकारियों और महापुरुषों के योगदान के साथ इतिहास की सही जानकारी होना आवश्यक है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एबीवीपी की सीकर विभाग छात्रा प्रमुख रमा शेखावत ने कहा कि एबीवीपी वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में इसके महत्व को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। वंदे मातरम युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करता है और यह मां भारती की आराधना है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री छतर सिंह, राहुल शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, प्रमोद प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




# एसबीएन ने फिर रचा शानदार इतिहास, 12वीं परिणाम में लहराया परचम

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आरबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं विज्ञान कला एवं वाणिज्य संकाय के परीक्षा परिणाम में एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डलाल एवं सचिव ई. प्रदीप धायल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम में कृष्ण कुमार सैनी ने 97.20



प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उनके साथ अक्षरा मीणा 96.80 प्रतिशत, अंशिका चौधरी 95.20 प्रतिशत, गौरव सामोता 95.20: प्रतिशत एवं दीपेश कुमार कुड़ी 94.20 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में हर्षित टेलर एवं मोनिका ने 93.80 प्रतिशत, लोकेश कुमार कुड़ी ने 93.60 प्रतिशत, हर्षिता सैनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कनिका मीणा एवं पलक जांगिड़ ने 92.40 प्रतिशत, मानसी शर्मा, नीलम सैनी एवं आरती चौधरी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अन्य सफल विद्यार्थियों में मोहित चौधरी 91.60 प्रतिशत, रजनी सैनी 91.40 प्रतिशत, सपना 91.20 प्रतिशत, लक्ष्य कुमार सैनी, रितिका मीणा एवं तनु सैनी 90.80 प्रतिशत, भावना कुमावत एवं केशव खांडल 90.60 प्रतिशत, स्नेहा शर्मा 90.40 प्रतिशत, प्रियंका 90.20 प्रतिशत तथा इशिका कुमारी 90 प्रतिशत शामिल हैं। प्राचार्य सागर मल ने बताया कि कक्षा 10 के शानदार परीक्षा परिणाम के बाद अब कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रस्तुत किया है और संस्था का नाम गर्व से ऊंचा किया है। इन ऐतिहासिक सफलताओं की खुशी में संस्था परिसर में उत्सव का माहौल रहा, जहां स्टाफसदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर जमकर डीजे पर नृत्य किया तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सम्पादकीय

# लंबा खिंचता युद्ध



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध छिड़े एक माह बीत चुका है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से खुद को शांति का मसीहा बताए जाने के बाद भी पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाला यह खतरनाक सैन्य संघर्ष खत्म होने के बजाय और खिंचता ही दिख रहा है। इसका प्रमाण है अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु केंद्र को निशाना बनाना।

ईरान के इस्फहान स्थित परमाणु केंद्र पर अमेरिका ने एक ऐसे समय बंकर बस्टर बम गिराया, जब ट्रंप ईरानी नेताओं से शांति प्रस्ताव पर कथित तौर पर वार्ता भी कर रहे हैं। या तो वे झूठ बोल रहे हैं अथवा ईरान के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देशों और विश्व के साथ भी छल कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट का समाधान करने के मामले में उनका इरादा कुछ भी हो, वे बिल्कुल भी विश्वसनीय नहीं रह गए हैं।

इसी कारण अमेरिका में तो उनका विरोध बढ़ता ही जा रहा है, उनके मित्र देश और यहां तक कि नाटो राष्ट्र भी ईरान के खिलाफ युद्ध में उनका सहयोग करने को तैयार नहीं। अब यह भी स्पष्ट दिख रहा है कि ट्रंप ने बिना विचारे इजरायल संग ईरान पर हमला बोलकर अमेरिका और यूरोप समेत पूरे विश्व को संकट में डाल दिया। इसके भरे-पूरे आसार हैं कि अभी तक अपनी मनमानी करते चले आ रहे ट्रंप को इस बार अपने अहंकार की कीमत चुकानी पड़ेगी। पश्चिम एशिया संकट जिस तरह गहराता चला जा रहा है और ट्रंप इस संकट के समक्ष जिस प्रकार असहाय-निरुपाय दिख रहे हैं, उससे उनकी जगहंसाई तो हो ही रही है, अमेरिका की प्रतिष्ठा को चोट भी पहुंच रही है। यह सही समय है कि अमेरिका के नीति-नियंता और साथ ही वहां की जनता इस पर विचार करे कि उसने ट्रंप सरीखे अस्थिर प्रवृत्ति के व्यक्ति को राष्ट्रपति चुनकर क्या हासिल किया? इसमें संदेह नहीं कि अमेरिका के साथ इजरायल की रणनीति सवालों के घेरे में है, लेकिन इसके साथ ही ईरान के रवैये को भी सही नहीं कहा जा सकता। ईरान एक तरह से यही दिखा रहा है कि अमेरिका और इजरायल का सामना करने के क्रम में उसे अपनी बर्बादी की परवाह नहीं और उसकी प्राथमिकता ऊर्जा संकट को चरम पर ले जाना और अपने पड़ोसी देशों की नाक में दम करना है। शायद उसकी इसी नीति के कारण खाड़ी के देश नुकसान उठाने के बावजूद यह चाह रहे हैं कि ईरान किसी तरह पस्त हो जाए। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि विश्व के प्रमुख देश अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच के घमासान को रोकने के लिए गंभीरता से कोई ठोस पहल करते नहीं दिख रहे हैं। अब जब सभी देश निष्प्रभावी दिख रहे हैं, तब फिर यह आवश्यक हो जाता है कि कहीं से कोई यह आवाज प्रबलता से उठे कि मानवता के हित में इस युद्ध का पटाक्षेप किया जाए।

## विशेष आलेख

# विवादों से दूर रह रिश्ते सुधार सकते हैं बालेन

नेपाल ने लिपुलेख-लिम्पियाधुरा और कालापानी क्षेत्र से संबंधित सवाल सबसे पहले 1991 में भारत के साथ उठाया था। यह मुद्दा उस समय सामने आया जब 1990 में नेपाल में राजशाही से लोकतांत्रिक सरकार में बदलाव हुआ, और नई सरकार ने सुगौली संधि के तहत सीमा निर्धारण पर आपत्तियां जताई थीं।

अच्छा हुआ, नेपाल की पूर्व विदेशमंत्री आरज़ू राणा भारत में नहीं हैं। वो होतीं, तो शेख़ हसीना जैसा शरण और प्रत्यर्पण वाला इश्यू खड़ा हो जाता। 19 अगस्त, 2024 को जब वो भारत आईं, विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने अपने पर्सनल अकाउंट से ट्वीट किया था, 'नेपाल की डॉ. आरज़ू राणा देउबा का विदेश मंत्री के तौर पर भारत की अपनी पहली यात्रा पर स्वागत है। हम अपनी बातचीत का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।' आरज़ू राणा की शख़्सियत ख़ास इसलिए भी है, क्योंकि वो नेपाल में पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके शेरबहादुर देउबा की श्रीमती जी हैं। पिछले महीने, जब नेपाल पुलिस की अनुसंधान शाखा, (सीआईबी) और मनी लॉन्ड्रिंग पर नज़र रखने वाले महकमे सम्पत्ति शुद्धीकरण अनुसन्धान विभाग (डीएमएलएआई) के अधिकारी उन्हें तलाश रहे थे, तब आरज़ू राणा भारत में थीं।



ये जो कुछ हो रहा है, उसके पटकथा लेखक, पूर्व उपप्रधानमंत्री व पत्रकार रबि लामिछाने हो सकते हैं। मान्यवर, करोड़ों रुपये के गबन और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर मामले में जेल में थे। जेन-ज़ी आंदोलन के समय जिन्हें छुड़ाने के क्रम में फायरिंग हुई, और दस क़ैदी मारे गए थे। इस तरह की चर्चा, कि आरएसपी सरकार का मुखिया गबन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले का सज़ायाफ्ता रहा है, बालेन्द्र सरकार को असहज कर रही थी। अब यह कह सकते हैं, कि देखो, जो बरसों से सत्ता में रहे हैं, वो भी कोई परमहंस नहीं हैं।

बहरहाल, आरज़ू राणा देउबा को दिल्ली से सिंगापुर, जैसे-तैसे रवाना किया गया। लेकिन, सोमवार को पता चला, कि अब आरज़ू राणा देउबा हांगकांग में घुटनों के इलाज के लिए गई हैं। यों, नेपाल और हांगकांग के बीच कोई औपचारिक प्रत्यर्पण समझौता नहीं है। चुनांचे, आरज़ू राणा देउबा ने सुरक्षित ठिकाना ढूंढ़ लिया है। ख़ैर, जो होता है, अच्छे के लिए होता है। भारत पहले से शेख़ हसीना के प्रत्यर्पण वाले कूटनीतिक विवाद में उलझा हुआ था, उसके लिए एक नया बखेड़ा नेपाल से शुरू हो जाता।

इस समय नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली और नेपाली कांग्रेस के नेता व पूर्व मंत्री दीपक खड़का की गिरफ्तारी से माहौल गरमाया हुआ है। अदालत में इसे चुनौती दी गई है, जिसपर सुनवाई सरकार द्वारा जवाब मिलने के बाद होगी। धनशोधन का आरोप पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड पर भी है। मनी लॉन्ड्रिंग के लांछन से मिस्टर एंड मिसेज देउबा, उनके बेटे जयवीर सिंह देउबा, उनके साले भूषण राणा मुक्त नहीं हैं। ये लोग देश से बाहर हैं। लगता है, देउबा कुनबा चैन की सांस नहीं ले पायेगा। राणा काल से ही भारत, नेपाली नेताओं को राजनीतिक शरण देने के वास्ते सबसे सुरक्षित मुकाम माना जाता है।

देउबा विवाद से दिल्ली बच तो गई, लेकिन, यह न मान लें कि मतभेदों से मुक्ति मिल गई। जून, 2026 से 17 हज़ार 500 फीट ऊंचाई वाले दुर्गम लिपुलेख दर्रे के बरास्ते भारत-चीन के बीच व्यापार की शुरुआत होनी है। केपी शर्मा ओली इसका विरोध दर्ज़ कराने पिछले साल पेइचिंग पहुंच गए थे। चीन ने पल्ला झाड़ा, तो कम्युनिस्ट नेता निराश होकर चुप्पी लगा गए। अब नेपाल का नया निज़ाम इसे कैसे हैंडल करता है, यह देखना बाक़ी है। लिपुलेख दर्रे पर नेपाली दावेदारी के वास्ते एक फ़र्जी 'चुच्चे नक्शा' संसद में पास करा लिया गया था। नेपाली में 'चुच्चे' का मतलब 'नुकीला' होता है। लिपुलेख दर्रे की भू-सामरिक स्थिति नुकीली है।

उपलब्ध दस्तावेज़ बताते हैं, भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से होकर गुज़रने वाला यह सबसे प्राचीन व्यापार मार्ग है, जो भारत के उत्तराखंड को तिब्बत के तकलाकोट (पुरंग) से जोड़ता है। सदियों से भोटिया व्यापारी, विशेष रूप से लोग, ऊन, मसाले और कृषि उत्पादों के आदान-प्रदान के लिए इस मार्ग का उपयोग करते आ रहे हैं। उस दौर में भारतीय मसालों, वस्त्रों और गुड़ के बदले तिब्बती ऊन, रेशम और बोरेक्स का आदान-प्रदान 'बार्टर सिस्टम' के ज़रिये किया जाता था। इसे 'कैलास मानसरोवर यात्रा पथ' के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

1962 के भारत-चीन युद्ध में इस मार्ग के बंद होने के बाद, 1992 में इसे व्यापार के लिए फिर से खोला गया, और यह युद्धोपरांत व्यापार के लिए पहली आधिकारिक चौकी बन गया। कठोर मौसमी परिस्थितियों के कारण, यहां आवागमन आमतौर पर जून और सितंबर के बीच ही संचालित होता है। यह चीन के साथ तीन व्यापारिक चौकियों में से पहली थी, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश का शिपकी ला दर्रा (1994) और सिक्किम के नाथू ला (2006) का नंबर आया।

नेपाल ने लिपुलेख-लिम्पियाधुरा और कालापानी क्षेत्र से संबंधित सवाल सबसे पहले 1991 में भारत के साथ उठाया था। यह मुद्दा उस समय सामने आया जब 1990 में नेपाल में राजशाही से लोकतांत्रिक सरकार में बदलाव हुआ, और नई सरकार ने सुगौली संधि के तहत सीमा निर्धारण पर आपत्तियां जताई थीं। उस समय नेपाली कांग्रेस के नेता गिरिजा प्रसाद कोइराला देश के प्रधानमंत्री थे। इसलिए कोई यह नहीं कह सकता, कि यह केवल नेपाली कम्युनिस्टों या प्रतिक्रियावादियों का मुद्दा था। यह मामला 2020 तक धीरे-धीरे सुलगता रहा। मगर, सवाल है, जिस मार्ग से 1962 से पहले भी भारत-चीन व्यापार करते रहे, वह नेपाल का कैसे हो गया?

वर्ष 1816 की सुगौली संधि में लिपुलेख व लिम्पियाधुरा को स्पष्टतया नेपाल का हिस्सा, या भारत का भाग मानने पर विवाद है। नदी के उद्गम स्थल पर दोनों देशों के अलग-अलग दावे हैं, जिस कारण यह क्षेत्र विवादित है। नेपाल का मानना है, कि कुटी घाटी से निकलने वाली नदी (कुटी यांगती) जो मुख्य महाकाली नदी है, के पूर्व का हिस्सा (लिम्पियाधुरा, लिपुलेख व कालापानी) नेपाल का है। दूसरी ओर भारत का कहना है कि महाकाली का उद्गम कालापानी के पास से होता है इसलिए लिम्पियाधुरा व लिपुलेख उसके क्षेत्र में हैं। कुटी उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में ब्यास घाटी में अंतिम भारतीय गांव है।

लेकिन चीन यदि भारत से लिपुलेख के ज़रिये व्यापार समझौता करता है, तो इसका मतलब वो आधिकारिक रूप से इसे भारत का हिस्सा मान चुका है। ओली जब थ्येनआनमन समारोह में पेइचिंग गए, और इसकी तनक़ीद की, तो चीन ने उसे गम्भीरता से नहीं लिया। सबसे गड़बड़झाला चुच्चे नक्शा है, जिसका ऐतिहासिक आधार नहीं है।

नेपाल की संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) ने कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को शामिल करने वाले विवादित 'चुच्चे नक्शे' (संशोधन विधेयक) को 13 जून, 2020 को सर्वसम्मति से पारित किया था। तत्कालीन नेपाली सांसद सरिता गिरी ने जब चुच्चे नक्शे का स्त्रोत संसद में मांगा, उनकी सदस्यता किसी और बहाने बर्खास्त कर दी गई। भारत यदि अंतर्राष्ट्रीय अदालत में 'चुच्चे नक्शे' को चुनौती दे दे, तो नेपाल को क्या भाव बैठेगा?

## आज का राशिफल

**मेष**
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृष**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**मिथुन**
दूसरों के काम में दखल न दें। विवाद से बचें। लाभ होगा। राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कर्क**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**सिंह**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**कन्या**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें।

**धनु**
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है।

**मकर**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा।

**कुंभ**
घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# केले और मुल्तानी मिट्टी के फेस पैक से त्वचा को मिलेंगे यह खास फायदे



केला और मुल्तानी मिट्टी का उपयोग चेहरे की समस्याओं को दूर करने के लिए सदियों से किया जा रहा है। आयुर्वेद में इन दोनों का बेहद महत्व बताया है। लेकिन क्या आप इन दोनों के प्रयोग से त्वचा पर होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं? यदि नहीं तो आपको बता दें कि इन दोनो के मिश्रण से त्वचा पर कई फायदे होते हैं। इन दोनों का फेस पैक आपको त्वचा की कई समस्या से छुटकारा दिलाता है। केले और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक चेहरे पर उपयोग करना बेहद ही आसान है। इससे त्वचा का एक्सट्रा ऑयल नियंत्रित होता है। जिसकी वजह से चेहरे पर कील मुंहासे और दानों के दाग धब्बे कम होते हैं। इस पैक से चेहरे की झुर्रियां भी कम होती है और आपके चेहरे का कालापन भी दूर होने लगता है।

### केला और मुल्तानी मिट्टी से डेड सेल्स को करें साफ

केला और मुल्तानी मिट्टी के फेसपैक से चेहरे की गहराई से सफाई होती है। इस पैक से त्वचा के रोमछिद्र साफ होते हैं। साथ ही जब आप इस पैक को चेहरे पर अप्लाई करते हैं तो इससे चेहरे की मृत कोशिकाएं दूर होती है और कील मुंहासे होने की संभावना कम हो जाती है।

### झुर्रियों को दूर करने में सहायक

केले और मुल्तानी मिट्टी के फेस पैक से आपकी झुर्रियां दूर होती है। इस पैक से चेहरे की त्वचा में कसाव आता है। साथ ही चेहरे पर पहले से आई फाइन लाइन भी दूर होने लगती हैं। लटकती त्वचा टाइट होने लगती है।

### दाग धब्बों को तेजी से करें दूर

इस पैक से आपके चेहरे साफ होने लगता है। मुंहासों और दाने धीरे-धीरे ठीक होते हैं और चेहरे पर इनकी वजह से आने वाले दाग धब्बे साफ होने लगते हैं। यदि आप इस पैक को नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं तो इससे चेहरे का रंग साफ होने लगता है।

### चेहरे में आता है निखार

केला और मुल्तानी मिट्टी के फेस पैक से आपके चेहरे पर निखार आने लगता है। ये पैक चेहरे का कालापन दूर करता है। साथ ही जब आपकी त्वचा रोग मुक्त बनती है तो चेहरे पर धीरे-धीरे निखार आने लगता है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा पर चमक आने लगती है।

### ऑयल को करें बैलेंस

गर्मियों में तैलीय त्वचा से आपको कई तरह की समस्याएं होने लगती है। तैलीय त्वचा में दाने और मुंहासे तेजी से होते हैं। इसके साथ त्वचा पर झाइयां होने की संभावना बढ़ जाती है। इस पैक को लगाने से त्वचा का ऑयल बैलेंस होता है और इसकी वजह से होने वाली समस्याएं कम होती है।

# बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए ऐसे करें कोकोनट ऑयल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल

बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के शैंपू और हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मार्केट में मौजूद ज्यादातर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं और इनका इस्तेमाल बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। बालों की अच्छी केयर के लिए प्राकृतिक और हर्बल चीजों का इस्तेमाल ज्यादा फायदेमंद होता है। बालों के अच्छे विकास के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इन तीनों चीजों में मौजूद गुण और पोषक तत्व बालों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शहद का



इस्तेमाल करने से आपके बालों से जुड़ी कई गंभीर परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा नारियल तेल और एलोवेरा में विटामिन ई समेत कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए भी बहुत उपयोगी होते हैं।

### बालों की ग्रोथ बढ़ाने में उपयोगी

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए नारियल तेल, शहद और एलोवेरा का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन ई, प्रोटीन समेत एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से इन तीनों चीजों से बना हेयर मास्क या हेयर पैक लगाने से आपके बालों की ग्रोथ बहुत तेजी से बढ़ती है।

### बालों को सिल्की बनाने में फायदेमंद

नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बालों को सिल्की और शाइनी बनाने में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इन चीजों में कंडीशनिंग गुण होते हैं, जो बालों के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

### बालों को मजबूत बनाने में फायदेमंद

बालों को हेल्दी बनाए रखने और समस्याओं से बचाने के लिए एलोवेरा और नारियल तेल का इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है। इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत बनाने का कम करता है।

## भव्य कलश यात्रा निकाली



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम धार्मिक नगरी मऊ में धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यज्ञाचार्य पंडित कृष्णकांत शास्त्री के सानिध्य में कलश यात्रा गांव के जगाती चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई तथा कल दिनांक 2 अप्रैल 2026 को रामराज की कथा का आयोजन होगा महिलाओं ने सिर पर सजे कलश लेकर भजन-कीर्तन करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। डी जे द्वारा हनुमानजी की मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया। आयोजकों के अनुसार, राम सीता लक्ष्मण ओर हनुमान की जीवंत झांकी सजाई गई और राजतिलक मेरे प्रभु श्री राम की कथा का आयोजन होगा यह कलश यात्रा धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुकेश कुमार कुमावत ने बताया कि कल हनुमान जन्मोत्सव पर प्रात: सवा दस बजे मूर्ति स्थापना होगी। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। सभी ग्रामवासियों से निवेदन है कि मूर्ति स्थापना के पवन अवसर ओर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करे। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा माह का समापन



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** 5वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर श्री सीमेंट गोठड़ा नवलगढ़ कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग द्वारा सुरक्षा माह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। राष्ट्रीय सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे सुरक्षा पोस्टर, तकनीकी भाषण एवं सेफ्टी बेल्ट पहनने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे कर्मचारियों में उत्साह एवं सहभागिता में वृद्धि हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारखाना प्रबंधक विनय सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी एवं अपने सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। सुरक्षा विभाग के प्रबंधक देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने सुरक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुरक्षा मानकों के पालन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के उपयोग एवं कार्यस्थल पर अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर श्री सीमेंट प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी संजय गोथा, अशोक चौधरी, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, जयेश कुमार शर्मा, मनीष सिन्हा, अजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना पब्लिक स्कूल चनाना अंग्रेजी माध्यम का कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। साक्षी स्वामी पुत्री पवन कुमार स्वामी चनाना 94, साक्षी जांगिड़ पुत्री राकेश जांगिड़ भाटीवाड़ 93.80, स्नेहा जांगिड़ पुत्र मूलचंद जांगिड़ भाटिवाड़ 93.60, दीपिका पुत्री भीम सिंह चारावास 92.60, खुशी जांगिड़ पुत्री सुबे सिंह जांगिड़ चनाना 92.40, दीक्षा जांगिड़ पुत्री अजीत जांगिड़ चनाना 91.80, कंचन पुत्री राजवीर धीवा नेशनल कबड्डी खिलाड़ी चनाना 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय के 49 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विद्यालय में विद्यार्थियों, अभिभावकों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। जिसमें संस्था के निदेशक राजकुमार मूंड, प्रधानाचार्य मनजीत सिंह गजराज, सुशीला मुंड, सरिता गजराज, गरिमा मूंड, प्रतीक मूंड, वरिष्ठ व्याख्याता जगराम सिंह सिराधना, मनोज कुमार, संदीप मील, भवेनेश कुमार, गौतम कुमार, कृष्ण चौधरी, रवि कुमार, नोरंग राम, प्रियंका जांगिड़, जयललिता, दीपिका कुमारी, कोमल कुमारी सैनी, संगीता कुमारी, मंजू कुमारी, मंजू चौधरी, नवरंग राम, केकैयी, सोनू कुमारी, अमन मुंड, आदिल कुमार, अभिषेक कुमार स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। अभिभावक निर्मला देवी स्वामी, गजानंद स्वामी, विक्रम धिंवा, प्रमोद कुमार आदि अभिभावक उपस्थित थे।

डीजे पर डांस करके विद्यार्थी, अभिभावक, स्टाफ सदस्यों ने खुशी का इजहार किया।

## युवक ने लगाई फांसी

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के बाइपास रोड पर एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। आते जाते राहगीरों ने युवक की सूचना पुलिस को दी। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान झालावाड़ के देशराज गुर्जर के रूप हुई। मृतक मुकुंदगढ़ में किराए के मकान में रहता था। निजी कॉलेज से वैटनरी की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस की ओर से घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई। मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हुआ।

# भोपालगढ़ किले पर गेट लगाने के विरोध में ग्रामीणों ने निकाला मशाल जुलूस

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने जन सेवा समिति के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को 13 वे दिन भी जारी रहा। देर शाम को ग्रामीणों की ओर से कस्बे में मशाल जुलूस निकाला गया। जन सेवा समिति के गोकुलचंद सैनी के नेतृत्व में ग्रामीण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। मशाल जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रस्ट की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। धरने का मुख्य मुद्दा भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर लगाए गए



गेट तथा घरों के सामने बनाई गई दीवार को हटाने की मांग से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही नगर पालिका क्षेत्र में विचरण करने वाले जंगली जानवरों पर रोक लगाने की भी मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विरोध कर रहे लोगों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग करते हुए क्षेत्रवासियों को राहत दिलाने की अपील की। धरना संयोजक गोकुलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार, 31 मार्च को शाम के समय मुख्य बाजार से कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए उपखंड कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला गयाए जिसके माध्यम से अपनी आवाज को और मजबूती से उठाया जाएगा। यदि प्रशासन ने जल्द मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर चंदगीराम सैनी, सुधीर गुप्ता, हनुमान प्रसाद सैनी, गजानंद कुमावत, विशंभर शर्मा, बलबीर सैनी, रमेश सैनी, श्याम सिंह, इंद्राज सैनी, ग्यारसी लाल सैनी, राजेश सांखला, भूपेंद्र सोढा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## हजारों भक्तों ने पाई पंगद प्रसादी

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे के स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर रेलवे स्टेशन श्रीमाधोपुर संगीतमय रामायण पाठ समापन किया गया। नवल किशोर फूलका ने बताया कि पं . आशीष कुमार शर्मा आचार्य, विजय शर्मा, ताराचंद शर्मा, रितिक शर्मा, महावीर प्रसाद लाटा, आशुतोष शास्त्री सहित पंडितों द्वारा किया गया । पूर्णहुती के पश्चात महाआरती व के बाद पंगत प्रसाद का आयोजन देर रात तक किया गया । यह जानकारी राजू सेन ने दी । मुख्य यजमान पवन जी गोकुलका के सानिध्य में हवन की पूर्णाहुति की गई। कार्यकर्ता विजेंद्र जांगिड़, छगनलाल सैनी, हनी शर्मा, मुकेश कुमावत, चिरंजी लाल ठठेरा, मुकेश सोनी, शिवपाल सैनी, छोटू लाल सैनी, जुगल जांगिड़, जीतू मंहत, शिवकरण जांगिड़, हेमंत सोनी, पवन शर्मा गोठवाल, महेश स्वामी, भवानी सैनी, आशुतोष कुमावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा जारी कला व विज्ञान वर्ग परिणाम में टैगोर स्कूल निम्बी जोधा ने सर्वश्रेष्ठ व सत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम की परंपरा को कायम रखते हुए ऐतिहासिक रिजल्ट बनाया। कला वर्ग अंग्रेजी माध्यम में लाडनूं निवासी मानसी चोटिया पुत्री सुरेंद्र चोटिया ने 98.20 प्रतिशत अंक बनाकर तहसील टॉप किया है। वहीं विज्ञान वर्ग में लाडनूं निवासी छात्र गोविंद सोनी पुत्र कमल सोनी ने 97.20 प्रतिशत अंक बनाकर विद्यालय टॉप किया है। टैगोर विद्यालय के विज्ञान वर्ग में 37 विद्यार्थियों ने वहीं कला वर्ग में 20 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए हैं। शानदार परीक्षा परिणाम के उपलक्ष में विद्यार्थियों व अभिभावकों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निंबी जोधा थानाधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत व विशेष अतिथि के रूप में मुंडियाऊ के पूर्व सरपंच जयराम सियाग, समाजसेवी तेजराज सिंह जोधा व लाडनू के रामनिवास चोटिया, राजकुमार चोटिया आदि उपस्थित रहे। संस्था निदेशक गुलाब सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि जो विद्यार्थी सतत् अध्ययन करते हैं वो हमेशा सफलता अर्जित करते हैं।

# गीतांजलि ओझा ने विज्ञान संकाय में 97.80 प्रतिशत अंक हासिल किए

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे की अभिनव बाल भारती विद्यालय की छात्रा गीतांजलि पुत्री अशोक कुमार ओझा ने 12वीं विज्ञान संकाय में 97.80 प्रतिशत अंक हासिल करके राजलदेसर ही नहीं अपितु रतनगढ़ ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गीतांजलि के पिता अभिनव बाल भारती विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर स्थापित हैं गीतांजलि ने कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर पहुंची हूं यह सारा श्रेय विद्यालय स्टाफ एवं मेरे पिताजी के आशीर्वाद से ही प्राप्त



हुआ है। उन्होंने कहा मैं भविष्य में चिकित्सक बनकर देश की सेवा करूंगी। अभिनव बाल भारती विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ओझा ने कहा विद्यालय में अनुशासन के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार देना एवं पढ़ाई पर भी समय-समय पर विद्यार्थियों का पूरा ध्यान रखा जाता है। साथ ही उन्होंने कहा राजलदेसर कस्बा बहुत छोटा कस्बा है यहां के लोग बाहर जाकर पढ़ते हैं लेकिन अभिनव बाल भारती के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि राजलदेसर में भी हम टॉप स्थान प्राप्त करने में पीछे नहीं रह सकते। साथ ही विद्यालय के मैनेजमेंट प्रबंधक एवं विद्यालय स्टाफ का आभार जताते हुए कहा कि इस विद्यालय में कक्षा 10 एवं 12 में बहुत छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक हासिल किए हैं। इस अवसर पर पत्रकार विनोद भाटिया, मदन दाधीच, शिव भगवान सोनी ने उनके निवास स्थान पर जाकर साफा दुपट्टा मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर गीतांजलि के पिता अशोक कुमार ओझा एवं गीतांजलि ने पत्रकारों का आभार बताया एवं कहा कि आप लगातार राजलदेसर के बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।

## स्कूल टॉप करने पर कीर्ति का स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नाथातालाब स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा कीर्ति खांडल ने 92.60 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया। कीर्ति ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक सुशील, सुविधा शर्मा, भागीरथ सिंह आदि का अहम योगदान रहा। बालिका के स्वागत के मौके पर एड. शिवभगवान शर्मा, हीरालाल शर्मा, एड. किशन शर्मा, कनिष्का शर्मा आदि ने माला पहना कर बधाई दी और मिठाई खिलाई।

## मानसिक विमन्दित को पहुंचाया पुनर्वास गृह

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मंगलवार शाम छापर पडिहारा के बीच मालगाड़ी के आगे पटरी पर लेटे मानसिक विमन्दित को ट्रैन गार्ड की सूचना पर पैसेंजर ट्रैन द्वारा सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन लाया गया। वहाँ से लिखित कार्यवाही कर आरपीए सुजानगढ़ के चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश गोदारा, हेड कांस्टेबल रामकरण, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, रेनीवाल फाउंडेशन की एम्बुलेंस द्वारा नवरत्न बिजारणिया के सहयोग से डीडवाना स्थित जीवन ज्योति मानसिक विमन्दित पुनर्वास गृह ले जाकर वहाँ संचालक रवि शर्मा को लिखित कार्यवाही द्वारा रात करीब 11 बजे सुपुर्द कर दिया गया। स्वर्णकार ने बताया कि उक्त व्यक्ति भाषा के आधार पर साउथ इंडियन प्रतीत होता है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के शहीद रामकुमार सिंह राजकीय उच्च मा विद्यालय मानोता जाटान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10वी और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रशासक बहादुर मल मेघवाल थे, अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र चेजारा ने की। जिसमें कक्षा 12 में स्कूल टॉपर रिंकू कुमारी पुत्री लालचंद मेघवाल ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल एवं गाँव का नाम गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 10 में गुलकेश कुमारी पुत्री लालचंद मेघवाल ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल एवं गाँव का नाम गौरवान्वित किया। पूरे स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चेजारा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही बेहतर रहा है। कक्षा 12 में 4 बालिका और कक्षा 10 में 2 बालिकाओं का चयन गार्गी पुरस्कार में हुआ। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस सत्र में दूरस्थ विद्यार्थियों के लिये वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी जो बच्चों को घर से विद्यालय लाने और ले जाने का कार्य पूरे वर्ष करेगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अमर सिंह, सुभाष चंद ढाका, रामेश्वर ढाका, गुरुदयाल ढाका, बृजलाल शर्मा, प्रताप ढाका, देवकरण, लालचंद मेघवाल, सतवीर और समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय काजला ने किया।

## हनुमान जयंती पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरू

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर में लक्ष्मी नारायण पटनिया मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष में पटनिया परिवार के सौजन्य से बुधवार को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती व हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक आयोजनों की धूम रही। इस अवसर पर हनुमान जी की ज्योत महा आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आस्था प्रकट की। आरती के पश्चात भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित किया गया। इसके बाद मंदिर



परिसर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। मुरारीलाल पटनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत सांय 7:15 बजे से मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल गुरुवार को प्रात: 10:15 बजे हनुमान जी की ज्योत महा आरती के पश्चात सवामणी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। हनुमान जयंती के उपलक्ष में मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जिससे मंदिर परिसर की शोभा देखते ही बन रही है। दूर.दूर से आए श्रद्धालु इस भव्य सजावट और धार्मिक माहौल का आनंद लेते नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा, वहीं आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस मौके पर शशिकांत शर्मा, गिरधारी लाल पटनिया, राजेंद्र पटनिया, प्रमोद पटनिया, सुशील पटनिया, मुरारी लाल जोशी, सुरेश कुमार बोहरा, प्रति बोहरा, इन्दु देवी, शारदा देवी, अनिता देवी, कमला देवी, उषा देवी, मधु देवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मधुमक्खियों का हमला, शव यात्रा के धुएं से भड़कीं, दो दर्जन लोग घायल

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के स्टेशन रोड स्थित टंडन हॉस्पिटल वाली गली के सामने सोमवार दोपहर अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब घोड़ा मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इस घटना में करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, टंडन गली के सामने एक नोहरे में खेजड़ी के पेड़ पर घोड़ा मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा हुआ था। दोपहर के समय वहां से एक शव यात्रा निकली, जिसके दौरान उठे धुएं से मधुमक्खियां




आक्रामक हो गई। इसके बाद उन्होंने आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों पर हमला बोल दिया। हमले में विकास भोजक, अनिता, अनवर छींपा, बाबू, सुनीता, मधु, विकास सोनी सहित करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागते नजर आए। सभी घायलों को जेपी टाक, इकबाल छींपा और अन्य लोगों की मदद से लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां डॉ. कानाराम डूकिया ने उनका उपचार किया। चिकित्सकों ने सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई है।

## संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा कार्यालय तारानगर में बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओ की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 21 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे आयोजित होने वाले 'पूर्वनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन को संकल्प दिवस के रूप में मनाने व इस आयोजन के साथ ही लेफ्टीनेंट कर्नल सगतसिंह की चूरू जिला खेल स्टेडियम में मूर्ति अनावरण के लिए भव्य सभा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि राठौड़ साहब के जन्मदिन को संकल्प दिवस: मनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। जिला महामंत्री पराक्रम सिंह राठौड़ ने मण्डल स्तर पर एक कमेठी गठित कर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुँचने के लिए आव्हान किया। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वहां पहुंचना है। इस अवसर पर भाजपा नेता महावीर पूनिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, जमरदिन तेली, डॉ. महेश शर्मा, विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह राठौड़, मण्डल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, मोहम्मद तैयब, लिलाधर बागोरिया, भंवरलाल पूनिया, विशाल शर्मा, राकेश शर्मा, धर्मवीर राठोड़, हरि इन्दोरिया, चुन्नीलाल सैनी, रणजीत सिंह तंवर, भंवरलाल दादरवाल, रामवातार सैनी, चिरंजीलाल शर्मा, माणक चद सैनी, मदनलाल सनायक, सुनील भाकर, महेंद्र स्वामी, हरिसिंह प्रजापत, त्रिलोक रैगर, साबीर हुसैन, मुकेश शर्मा, नरेंद्र प्रजापत, समीर खान, भगवती प्रसाद शर्मा, जुल्फिकार हिसारिया, मनीष सोनी, राकेश टाक,मातु सिंह राठौड़, नरेश झाझडिया, मोहम्मद फारूक, किशन सिंह राठौड़, रवि गोड, नदू पटीर, अशोक जांगिड़, हिरालाल सैनी, मोहम्मद मुस्ताक, गुमान सैनी, सुभाष सहारण, दीपक पासवान सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीने में दर्द होने पर जरूर करवाएं हार्ट से जुड़े ये 5 टेस्ट, पता चलेगी सही वजह

हृदय हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसमें थोड़ी सी गड़बड़ी होने पर व्यक्ति की पूरी दिनचर्या प्रभावित हो सकती है। जब हृदय से जुड़ी समस्याएं शुरू होती हैं, तो व्यक्ति को सीने में दर्द या फिर सांस लेने में तकलीफ जैसे शुरुआती लक्षण नजर आ सकते हैं। लेकिन इसके पीछे के कारणों के बारे में पता लगाने के लिए कुछ मेडिकल टेस्ट करवाने जरूरी होते हैं। अगर आपको भी सीने में दर्द होता है, तो आप कुछ टेस्ट करवा सकते हैं। इससे सीने में दर्द के सही कारणों का पता चल पाता है।



### ब्लड टेस्ट

हार्ट हेल्थ के बारे में जानने के लिए आप अपना ब्लड टेस्ट करवा सकते हैं। ब्लड टेस्ट से मांसपेशियों के क्षतिग्रस्त होने के बारे में पता चल सकता है। इसके अलावा जब दिल का दौरा पड़ता है, जो शरीर आपके रक्त में पदार्थ छोड़ता है। रक्त में अन्य पदार्थों को मापने के लिए ब्लड टेस्ट किया जा सकता है। ब्लड टेस्ट से शरीर के अंदर सोडियम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, विटामिन और मिनरल्स को नापा जा सकता है।

### इको टेस्ट

हृदय के स्वास्थ्य का पता लगाने के लिए इको टेस्ट भी किया जा सकता है। इको टेस्ट को इकोकार्डियोग्राम भी कहा जाता है। इको एक तरह का अल्ट्रासाउंड होता है। इससे देखा जाता है कि हृदय की धड़कने और पंप कैसे काम कर रहा है। इको टेस्ट से ध्वनि तरंगों से हृदय के अंदर की तस्वीरों को देखा जा सकता है। हृदय मं चली रही गड़बड़ी का पता लगाया जा सकता है।

### कार्डियक सीटी स्कैन

कार्डियक सीटी स्कैन हृदय और चेस्ट के चारों तरफ की तस्वीरों को लेता है। सीटी स्कैन से डॉक्टर व्यक्ति को हृदय से जुड़ी समस्या किस कारण से हो रही है, इस बारे में पता लगाया जा सकता है। इस टेस्ट के लिए व्यक्ति को मशीन के अंदर टेबल पर लिटा दिया जाता है। इसके बाद इस टेबल के अंदर लगी एक्स-रे ट्यूब हृदय के आसपास के तस्वीरों को लेता है और समस्या का सही कारण पता चलता है।

### चेस्ट एक्स-रे

जब किसी व्यक्ति को सांस लेने से संबंधित कोई दिक्कत होती है, तो डॉक्टर चेस्ट एक्स-रे करवाने की सलाह दे सकते हैं। चेस्ट एक्स-रे करवाने से चेस्ट, हृदय की तस्वीरों को देखा जाता है और सांस की तकलीफ की असली वजह का पता चल पाता है। चेस्ट एक्स-रे को कम रेडिएशन के साथ किया जाता है।

### ईसीजी

ईसीजी हृदय की जांच करने के लिए एक सबसे आसान टेस्ट है। इस टेस्ट के दौरान व्यक्ति को कोई परेशानी या दिक्कत महसूस नहीं होती है। ईसीजी के जरिए हृदय के इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल को रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसमें पता चलता है कि हृदय सही से कार्य कर रहा है या नहीं।

### हॉल्टर मॉनिटरिंग

हॉल्टर मॉनिटरिंग टेस्ट करने से हृदय के चलने की गति का पता लगाया जा सकता है। यह टेस्ट अकसर तब किया जाता है, जब ईसीजी के बाद कोई तकलीफ नजर नहीं आती है। इस टेस्ट को पोर्टेबल ईसीजी डिवाइस की मदद से किया जाता है। इस टेस्ट में व्यक्ति को 24 से 72 घंटे तक इस डिवाइस को पहनकर रखना होता है।



# इन चार परिस्थितियों में भूल से भी ना करें एक्सरसाइज, सेहत को होगा नुकसान

फिट रहने के लिए एक्सरसाइज करना आवश्यक माना गया है। हर व्यक्ति को दिन में कम से कम 30-40 मिनट तक वर्कआउट अवश्य करना चाहिए। यह ना केवल एक हेल्दी वजन को बनाए रखने में मददगार है, बल्कि इससे व्यक्ति खुद को अधिक एक्टिव व एनर्जेटिक महसूस करता है। इतना ही नहीं, इससे व्यक्ति का स्टेमिना भी बढ़ता है। नियमित रूप से वर्कआउट करने के कई फायदे हैं।



**इंजरी होने पर :** अगर आपको किसी तरह की कोई इंजरी हुई है या फिर किसी हेल्थ इश्यू के कारण आपका ऑपरेशन हुआ है तो आपको इंटेंस वर्कआउट करने से बचना चाहिए। कुछ लोग फिटनेस फ्रीक होते हैं और इसलिए इंजरी होने के बाद भी वह अपना वर्कआउट रूटीन ब्रेक नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में उनकी स्वास्थ्य समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। आप चाहें तो हल्की वॉक या ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं। लेकिन जिम में वर्कआउट करने से बचें।

**बुखार होने पर :** अगर आपकी तबियत खराब है। खासतौर से, अगर आपको बुखार है तो ऐसे में एक्सरसाइज ना करना ही सबसे अच्छा माना जाता है। दरअसल, जब आप वर्कआउट करते हैं, तो इससे शरीर का तापमान बढ़ता है। यह स्थिति में बुखार होने पर आपको और भी अधिक परेशान कर सकती है। इसलिए, इस स्थिति में दो-तीन दिन का ब्रेक लें और पहले खुद को पूरी तरह से रिकवर होने दें।

**जोड़ों में सूजन या दर्द होने पर :** अगर आप एक बिगनर हैं तो वर्कआउट के दौरान हल्का मसल्स पेन होना सामान्य है, लेकिन ध्यान रखें कि ज्वाइंट पेन इससे अलग है। किसी भी प्रकार की सूजन इस बात का संकेत है कि आपके टिश्यू या ज्वाइंट को किसी तरह का नुकसान पहुंचा है। कभी-कभी जोड़ों का दर्द तुरंत सूजन के साथ नहीं होता है, और तब आपको अधिक सावधान रहने की आवश्यकता होती है। यदि आप गंभीर जोड़ों के दर्द को नजरअंदाज करते हैं, तो इससे नर्व भी डैमेज होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

**नींद पूरी ना होने पर :** यूं तो सुबह की कसरत आपके ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देकर आपको अधिक एक्टिव फील करवाती है। लेकिन अगर आपकी कई रातों से नींद पूरी नहीं हो रही हैं या फिर आप खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में वर्कआउट स्किप करना ही अच्छा है।

## इलायची के सेवन के जबरदस्त फायदे ब्लड प्रेशर को रखती है नियंत्रित

खीर से लेकर ग्रेवी वाली सब्जी तक का स्वाद और खुशबू बढ़ाने के लिए इलायची का इस्तेमाल किया जाता है। इलायची में कार्बोहाइड्रेट, डायट्री फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन और फॉस्फोरस होता है। हरी इलायची माउथ फ्रेशनर का भी काम करती है। इसे आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर इसके दाने/पाउडर को किसी डिश में मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इलायची कब्ज के साथ ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार है।



### ब्लड प्रेशर कंट्रोल करती है

जिन लोगों को हाई बीपी की समस्या है उनके लिए भी इलायची खाना फायदेमंद होता है। रोजाना इलायची खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। दरअसल, इलायची में मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार होते हैं।

### भूख बढ़ाती है

यदि आपको भी भूख नहीं लगती या खाना खाने का मन नहीं करता है, तो इलायची खाना शुरू कर दें। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इलायची पाचन को ठीक रखने के साथ ही शरीर के मेटाबोलिज्म भी ठीक तरह से काम करने में मदद करता है जिससे भूख बढ़ती है।

### माउथफ्रेशनर का काम करती है

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, जिन लोगों को अक्सर मुंह से दुर्गंध आने की समस्या होती है उन्हें हरी इलायची का रोजाना सेवन करना चाहिए। कुछ भी खाने के बाद यदि आपको महसूस होता है कि मुंह से बदबू आ रही है तो तुरंत एक इलायची चबा लें, इससे ताजगी का एहसास होगा।

### पेट के लिए फायदेमंद

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, गलत खानपान की वजह से अक्सर लोग पेट से जुड़ी परेशानियों जैसे अपच, गैस, एसिडिटी और कब्ज़ का शिकार हो जाते हैं। इन समस्याओं से निजात दिलाने में इलायची बहुत मददगार साबित हो सकती है। इलायची में कई ऐसे तत्व होते हैं तो पाचन तंत्र को ठीक रखने के साथ ही पेट की जलन, एसिडिटी और अपच की समस्या से राहत दिलाती है। कब्ज की समस्या से राहत दिलाने में छोटी इलायची का पानी भी फायदेमंद होता है।

### सर्दी-खांसी से राहत

सर्दी-खांसी और गले की खराश में भी इलायची बहुत कारगर है। यदि किसी तरह के इंफेक्शन की वजह से आपको भी अक्सर सर्दी-खांसी या गले में खराश की समस्या रहती है तो इलायची का सेवन कर सकते हैं।

# वजन कंट्रोल करने के लिए फायदेमंद है रिवर्स डाइटिंग

हम सभी चाहते हैं कि हम फिट रहें और अपने बॉडी शेप को बनाए रखें। इसके लिए अपने शरीर के वजन को कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी होता है। शरीर के वजन को नियंत्रण में रखने या मोटापा कम करने के लिए लोग तरह-तरह की एक्सरसाइज और डाइट फॉलो करते हैं। जिससे कुछ समय तक तो काफी अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं लेकिन एक समय आने पर परिणाम दिखना बंद हो जाते हैं या प्रोग्रेस रुक जाती है। फिर कम से कम कैलोरी खाने पर भी आपका वजन कम नहीं होता है। इस स्थिति से निपटने के लिए लोग रिवर्स डाइट का सहारा लेते हैं। रिवर्स डाइटिंग इन दिनों काफी ट्रेंड में है। लेकिन काफी लोगों को इसके बारे में बहुत कम जानकारी है। रिवर्स डाइट क्या है और यह वजन कंट्रोल करने में कैसे फायदेमंद है?



**रिवर्स डाइटिंग क्या है :** रिवर्स डाइट वेट लॉस प्लेट्यू को रिवर्स या उलटने के लिए एक ट्रिक या तरीका है। रिवर्स डाइटिंग वेट लॉस में प्लेट्यू तोड़ने के लिए की जाती है। इसका मतलब यह है कि जब कोई व्यक्ति वजन कम कर रहा होता है और खाना कम खाता है या लो फैट डाइट को बहुत लंबे समय से फॉलो कर रहा होता है तो इस स्थिति में उसका वजन स्थिर या स्टेबल हो जाता है और वजन कम होना बंद हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपकी बॉडी डेफिसिट में चली जाती है, जिससे शरीर में कोई परिणाम देखने को नहीं मिलते हैं। तो इस स्थित का हल होता है रिवर्स डाइट या उल्टी डाइट। इस डाइट में उलटा किया जाता है। उदाहरण के लिए जैसे अगर किसी व्यक्ति को पहले बहुत कम खाना दिया जा रहा था तो उसे रिवर्स डाइट में ज्यादा खाना दिया जाता है, जैसे अगर उसे पहले दिन में 800-900 कैलोरी दी जा रही थी तो अब उसे 1500-1600 कैलोरी का सेवन करना होगा। उसको खाना ज्यादा खिलाया जाता है, जिससे कि उसका मेटाबॉलिज्म तेज हो। साथ ही इतने लंबे समय से डाइट कर-करके उसका जो प्लेट्यू बन गया है वो टूट जाए। इसलिए हम रिवर्स डाइट करते हैं।

**वजन कंट्रोल करने में कैसे फायदेमंद है रिवर्स डाइटिंग :** रिवर्स डाइट को फॉलो करने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म अच्छी तरह काम करता है तो यह तेजी से कैलोरी बर्न करने में मदद करता है। यह शरीर में जमा जिद्दी को कम करने में मदद करता है। साथ जब आपके पास एक तेज और मजबूत मेटाबॉलिज्म होता है, तो आप सामान्य शारीरिक गतिविधियां करने के दौरान भी फैट बर्न करते हैं, जैसे दिन भर के सामान्य कामकाज और पैदल चलना आदि।

आप जितनी ज्यादा शारीरिक गतिविधियां करेंगे आपका वजन उतना ही तेजी से कम होगा। इसके अलावा आपका मेटाबॉलिज्म शरीर में हार्मोन्स के संतुलन के लिए भी जरूरी है। यह आपकी भूख को नियंत्रित करने में भी अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि यह आपके शरीर में लेप्टिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो आपकी भूख को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होता है। अगर शरीर में लेप्टिन का स्तर कम रहता है तो आपको भूख अधिक लगती है और आप अधिक कैलोरी का सेवन करते हैं, जो वजन बढ़ाने में योगदान देता है। रिवर्स डाइटिंग से आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और वजन कंट्रोल रखने में मदद मिलती है।

**रिवर्स डाइटिंग कैसे फॉलो करें :** रिवर्स डाइटिंग को फॉलो करना बहुत आसान है। आपको बस अपने पिछले डाइट के पैटर्न को समझने की जरूरत है। अगर आप अपनी पिछली डाइट में कैलोरी का सेवन कम कर रहे थे तो आपको इसे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। लेकिन आपको एक साथ ऐसा नहीं करना है आपको धीरे-धीरे कैलोरी की मात्रा बढ़ानी है।

आप 1-2 सप्ताह में ही इसके परिणाम नोटिस कर पाएंगे। हालांकि आपको जल्दी बहुत ज्यादा परिणाम देखने को नहीं मिलेंगे। आपको 4-5 हफ्ते रिवर्स डाइट को फॉलो करना होगा। लेकिन अगर इस दौरान आपका वजन बढ़ रहा है तो इसका अर्थ है कि आप ज्यादा कैलोरी का सेवन कर रहे हैं। इस स्थिति में आपको कुछ कैलोरी कम करने की जरूरत है। लेकिन ध्यान रहे कैलोरी की मात्रा बढ़ाने के लिए आपको अनहेल्दी फूड्स का सेवन नहीं करना है।

## चाय की चुस्की के बिना जिनकी नहीं खुलती नींद, हो जाएं सावधान! खाली पेट पीने से हो सकते हैं ये नुकसान

हमारे देश में चाय पीने के शौकीन लोगों की कोई कमी नहीं है। इनमें से तो ज्यादातर ऐसे हैं जिनकी सुबह चाय की चुस्की के बिना नींद नहीं खुलती है। इन लोगों को सुबह उठते ही चाय चाहिए होती है। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से हैं तो आपको यह जानकर हैरानी होगी कि सुबह खाली पेट चाय पीने की आपकी आदत आपके स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदेह होती है।



**बढ़ती है एसिडिटी की समस्या :** सुबह खाली पेट चाय पीने से लोगों में एसिडिटी की समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। दरअसल सुबह उठते ही चाय का सेवन करने से घंटो तक भूख नहीं लगती है, इसकी वजह से एसिडिटी होने लगती है। इसके अलावा बिना कुछ खाए चाय पीने से पेट में गैस भी बन जाती है।

**पाचन तंत्र कमजोर होने लगता है :** रोजाना खाली पेट चाय पीने से पेट के अंदर की अंदरुनी सतह कमजोर होने लगती है और पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर पाता है। पाचन तंत्र के ठीक से काम नहीं कर पाने की वजह से एसिडिटी की समस्या गंभीर हो सकती है और अल्सर जैसी बीमारी का कारण बन सकती है।

**इंसोमनिया की शिकायत होने लगती है :** जो लोग खाली पेट चाय का सेवन करते हैं उन्हें रात को सोने में समस्या होने लगती है। दरअसल, खाली पेट चाय का सेवन करने से शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिसकी वजह से नींद नहीं आने की समस्या होने लगती है। इसके अलावा चिड़चिड़ापन, तनाव जैसी दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं।

# दिल को हेल्दी रखने के लिए खाएं ब्राउन राइस, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

ब्राउन राइस सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ब्राउन राइस वजन कम करने और कोलेस्ट्रॉल लेवल को घटाने में मदद कर सकते हैं। आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सीनियर डाइटिशियन अनुजा गौर के बताती हैं कि एक कप उबले हुए ब्राउन राइस में लगभग 200 कैलोरी, 40 ग्राम कार्ब्स, 3 ग्राम के लगभग फाइबर, 5 ग्राम प्रोटीन, एक से 1.5 ग्राम फैट, दैनिक जरूरत का 10 से 12% थियामिन, विटामिन बी3 और आयरन पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, जिंक और कॉपर भी होता है।

**ब्राउन चावल या सफेद चावल क्या है हेल्दी :** ब्राउन राइस, सफेद चावल की तुलना में अधिक हेल्दी माने जाते हैं। ब्राउन राइस शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इन दोनों चावलों में कैलोरीज समान मात्रा में ही होती है। ब्राउन चावलों को कम प्रोसेस किया जाता है, इससे इनमें सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। लो कार्ब डाइट में ब्राउन राइस लिया जा सकता है। ब्राउन राइस दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकते हैं।



**दिल के लिए फायदेमंद है ब्राउन चावल :** ब्राउन चावल एक हार्ट हेल्दी फूड है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो दिल की बीमारियों के जोखिम को कम कनरे में मदद करते हैं। इसमें फाइबर भी होता है। फाइबर दिल के रोगों, कैंसर और अन्य रेस्पिरेटरी बीमारियों का खतरा 24 से 59% कम कर सकता है। ब्राउन चावल में लिगनेन की मात्रा ज्यादा पाई जाती है। जिन चीजों में यह तत्व पाया जाता है, वह कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखते हैं। कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। इसलिए ब्राउन राइस से उन्हें कंट्रोल में रखा जा सकता है। ब्राउन चावल में मैग्नेशियम की मात्रा भी ज्यादा पाई जाती है। यह तत्व भी दिल के लिए काफी लाभदायक होता है। इससे स्ट्रोक, हार्ट अटैक के कारण होने वाली मृत्यु का रिस्क काफी कम हो जाता है।

**क्या ब्राउन चावल वजन कम करने में लाभदायक है :** अगर आप रिफाइंड अनाज की बजाए ब्राउन चावलों का सेवन करना शुरू कर देते हैं, तो आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है। सफेद चावल, पास्ता आदि में फाइबर और पौष्टिक तत्व नहीं होते हैं। वह आपका वजन कम करने की बजाए बढ़ा सकते हैं।

इसलिए वजन को कंट्रोल में रखने के लिए ब्राउन चावल ही खाएं। ब्राउन राइस में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। यह लंबे समय तक आपके पेट को भरा हुआ रखता है। इससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है। फाइबर से भरपूर चीजों को खाने से आपके शरीर में कम कैलोरीज जा पाती हैं। इस प्रकार ब्राउन चावल का सेवन करने से कई तरह से वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

## भक्तिभाव से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में इस अवसर पर सुबह से देर रात तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिरों में अभिषेक, श्रृंगार, पूजन, महाआरती, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। पूर्व संध्या पर मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया है। घाट के बालाजी मंदिर में पंचामृत अभिषेक के साथ हनुमान जी का जन्माभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सिंदूरी चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण करवाई जाएगी तथा चूरमे का भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर में विशेष सजावट की गई है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यहां जात-जडूले की परंपरा के तहत विभिन्न समाजों के लोग भी भाग लेंगे। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को सतरंगी रोशनी और पुष्पों से सजाया गया है। यहां सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिससे भक्तिमय माहौल और अधिक सजीव हो उठेगा। खोले के हनुमानजी मंदिर में 108 औषधि द्रव्यों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक किया जाएगा। षोडशोपचार पूजन के पश्चात भगवान को चांदी की पोशाक धारण कराकर विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा दोपहर में उत्सव आरती आयोजित होगी। चांदपोल हनुमान मंदिर में पंचामृत अभिषेक और विशेष श्रृंगार के बाद जन्म आरती होगी, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोले जाएंगे। सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिरों में भी पंचामृत अभिषेकए सिंदूर चोला चढ़ाने, नवीन पोशाक धारण कराने तथा महाआरती के आयोजन होंगे। न्यू सांगानेर रोड स्थित चिंताहरण काले हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। करतारपुर स्थित मनशापूर्ण हनुमान मंदिर में दुग्धाभिषेक, रुद्र पाठ तथा 11 हजार लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। विभिन्न मंदिरों में भंडारा और प्रसादी वितरण के कार्यक्रम भी होंगे। चांदपोल बाजार स्थित राम मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंचामृत अभिषेक, सुगंधित द्रव्यों से स्नान, सिंदूरी चोला अर्पण तथा स्वर्ण-रजत अलंकरण युक्त पोशाक धारण कराकर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित होंगे। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शास्त्रीनगर से पदयात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए हाथोज स्थित दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर पहुंचेगी। यहां ध्वज पूजन, भजन-कीर्तन तथा भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। अंबाबाड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशेष कार्यक्रमों के अंतर्गत अभिषेक, 56 भोग अर्पण, संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा बच्चों द्वारा वानर सेना की झांकियों की प्रस्तुति होगी। रात्रि में आतिशबाजी भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, झांकियां और आरतियों का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है, जिससे भक्त कम समय में दर्शन कर सकेंगे। पूरे शहर में यह पर्व आस्थाए परंपरा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

## कांग्रेस का संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर में संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत सभी नगर निकाय वार्डों और ग्राम पंचायतों में कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा 5 लाख नए पदाधिकारियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि राज्य सरकार पर निकाय और पंचायत चुनाव नहीं करवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ढाई वर्ष पूरे होने के बावजूद सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है और चुनाव टालकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। डोटासरा ने बताया कि प्रदेश में अधिकांश नगर निकायों और पंचायत राज संस्थाओं का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, लेकिन सरकार प्रशासक लगाकर काम चला रही है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल से पहले चुनाव कराने के निर्देश दिए थेए बावजूद इसके सरकार बहाने बनाकर चुनाव टाल रही है। उन्होंने ओबीसी प्रतिनिधित्व आयोग की रिपोर्ट में देरी को भी सरकार की विफलता बताया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार केवल इस आधार पर चुनाव नहीं रोके जा सकते। डोटासरा ने मतदाता सूची को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार शुद्ध वोटर लिस्ट उपलब्ध होने के बावजूद जनवरी 2025 की पुरानी सूची से चुनाव करवाना चाहती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर जल्द ही चुनाव आयोग को ज्ञापन देगी और जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी। इस अभियान के दौरान 7 अप्रैल तक विधानसभा स्तर पर बैठकें, जन जागरण और वार्ड, ग्राम समितियों का गठन होंगे। इसके अलावा 8 से 14 अप्रैल तक जिला व ब्लॉक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन किए जाएगे और वहीं 15 से 30 अप्रैल तक जिला स्तर पर जनसभाएं और अभियान का विस्तार किया जाएगा। डोटासरा ने कहा कि अभियान के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के बीच जाकर सरकार की नीतियों के खिलाफजन जागरण करेंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाएंगे।

## 4 अप्रैल को पुलिस कमिश्नर करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 4 अप्रैल शनिवार को पुलिस थाना शिवदासपुरा में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें चाकसू सर्किल के चाकसू, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर और कोटखावदा थाना क्षेत्रों के परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करना है। साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर लंबित मामलों को मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने संबंधित क्षेत्र के परिवादियों से जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा और बस्सी में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## सांड के हमले में युवक घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दिखनादा बाजार स्थित एक मॉल के पास भवानी सिंहए निवासी गांव डाबड़ी को सांड ने सींग मारकर घायल कर दिया। जिसे पडोसी दुकानदार सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आये। सांड के इस हमले में घायल की जाँच पर 7 टांके आये हैं। डॉ. कमल धानिया ने इलाज किया।

# संतों ने लिया संकल्प, गौमाता को दिलाकर रहेंगे राष्ट्रमाता का दर्जा

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय संस्कृति की आधारशिला मानी जाने वाली गौ माता के सम्मान, संरक्षण, संवर्धन के उद्देश्य से 27 अप्रैल को पूरे देश में गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को गोपाल बाड़ी स्थित श्री नारायण धाम में संतों एवं गौभक्तों की बैठक आयोजित की गई। तैयारी बैठक में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, ब्रह्मपीठाधीश्वर रामरतन देवाचार्य महाराज, संत प्रकाश दास महाराज, प्रकाश नारायण महाराज, महंत रामचरित दास, महन्त हरिशंकरदास वेदांती, महन्त ईश्वरदास महाराज, महन्त परमान्द दास महाराज सहित अनेक संत-महंत उपस्थित थे। संत प्रकाश दास महाराज ने कहा कि गावो विश्वस्य मातर: अर्थात गाय समस्त विश्व की माता है। गौ सेवा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण पक्ष भी है। जब तक समाज के प्रत्येक घर में गौ माता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना विकसित नहीं होगी, तब तक यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। गौ क्रांति मंच, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी ने बताया कि सभी संतों-महंतों ने एक स्वर में देश में गौ हत्या कानून लागू करने की मांग की। यह अभियान पूर्णत: अहिंसक एवं गैर-राजनीतिक रहेगा तथा किसी भी संस्था या दल के बैनर तले संचालित नहीं किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ संरक्षण के लिए सख्त केन्द्रीय कानून बनवाना, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कराना तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना है। इसके अतिरिक्त गौशालाओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने, गौतस्करी पर कठोर दंड का प्रावधान करने तथा पंचगव्य आधारित शोध एवं चिकित्सा को बढ़ावा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार 27 अप्रैल को पूरे प्रदेश में तहसीलों, उपखंड मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार से गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। इसमें गौ माता के संरक्षण के लिए उचित अनुसंधान, अनुदान की व्यवस्था, देशभर में गोहत्या पर प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र धरोहर एवं राष्ट्र आराध्या का दर्जा देने जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल होंगे। टोलियां जुटी जन संपर्क में कोठारी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टोलियां जनसंपर्क कर गौ सेवा एवं संरक्षण का संदेश दे रही है। अभियान के दौरान लोगों से अपील की जा रही कि वे 27 अप्रैल को अपने-अपने गांवों, मोहल्लों एवं समाज में गौ पूजन, गौ सेवा एवं गोष्ठियों का आयोजन करें, ताकि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जागरूक किया जा सके। अभियान के तहत पिछले दिनों हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गौ संरक्षण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

# मलेरिया क्रैश कार्यक्रम शुरू, जिले में बनाई गई है 1003 टीमें

## स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिदिन एंटी लार्वा गतिविधियां करेंगी

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बदलते मौसम को देखते हुए चिकित्सा विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम की तैयारियां में लग गया है। मलेरिया, डेंगू की रोकथाम और समय रहते मच्छरों पर नियंत्रण के लिए जिले में एक अप्रैल से मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण शुरू किया गया है, जो 15 मई तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि आगामी डेढ़ माह में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी कर टीमों को एक्टिव मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार लगातार विक्षोभ के कारण बारिश हो रही है, जिससे मच्छरों के पैदा होने की संभावना बनी हुई है। अत: अभी से मच्छर रोधी गतिविधियां तेज करनी होगी। इसके लिए जिले में 1003 टीमें बनाई है, जो प्रतिदिन फिल्ड में जाकर एंटी लार्वा गतिविधियां सहित आमजन को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की जानकारी देंगी। इस संबंध मे एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अम्बिका प्रसाद जांगिड़ एवं आरआर टीम को एक्टिव मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ महरिया ने आमजन से अपील कि है कि परिवार जन को डेंगू, मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव के लिए घरों में मच्छर पैदा नही होने दें।

स्वयं एंटी लार्वा गतिविधियां कर अपने आस पास के लोगों को जागरूक कर जिम्मेदार नागरिक बनें।

### ऐसे करें मलेरिया और मच्छरों का सफाया

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत मच्छर के प्रजनन स्थलों पर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल, एंटी एडल्ड व आईआईसी गतिविधियां सम्पादित की जाएगी। लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से समुदाय को जागरूक कर समय पूर्व समुदाय को मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में अवगत करवाया जाएगा। पॉजीटिव केस के लिए समयबद्ध सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल, एंटी एडल्ट व आईईसी गतिविधियां करवाई जानी है। मलेरिया क्रैश कार्यक्रम प्रथम चरण के दौरान बायोलोजिक कंट्रोल के तहत हैचरी को क्रियाशील करना व स्थाई जल स्रोतों में गम्बुशिया डालने जैसी गतिविधियां सुनिश्चित की जाएगी।

# अफवाहों से बचें : घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर कार्रवाई

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मध्य-पूर्व संकट के मद्देनजर एलपीजी आपूर्ति में संभावित व्यवधान और कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए उच्च स्तर से मिले निर्देशों की पालना में जिले में कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिला रसद कार्यालय द्वारा गठित टीम ने घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्ती बरतते हुए सूरजगढ़ और खेतड़ी ब्लॉक में कार्रवाई की। प्रवर्तन निरीक्षक सुरेन्द्र जिलोवा के नेतृत्व में 3 प्रतिष्ठानों पर जांच कर 7 घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर उन्हें जब्त किया गया। यह कार्रवाई लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत की गई। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गैस डिलीवरी के समय ही ओटीपी/डीएसी



उपलब्ध कराया जाएगा और सभी गैस एजेंसी संचालकों को सीसीटीवी चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की स्थिति सामान्य है तथा कहीं भी अनावश्यक भीड़ नहीं है। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए पीएनजी अपनाने और पाइपलाइन गैस से जुड़ने के प्रयासों को गति देने की बात कही है।

## पूर्णिमा पर 108 से अधिक स्थानों पर होगा गायत्री यज्ञ

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र पूर्णिमा गुरुवार को गायत्री परिवार की ओर से सुबह 7:30 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ एक ही समय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की सभी शक्तिपीठों, प्रज्ञा केन्द्रों पर बड़े स्तर पर यज्ञ होगा। एक अनुमान के मुताबिक 108 से अधिक स्थानों पर यज्ञ होगा। लोग ऑनलाइन भी यज्ञ से जुड़ सकेंगे। इसमें देश-विदेश के श्रद्धालु घर बैठे ही भाग ले सकेंगे। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक यज्ञ से वातावरण की शुद्धि, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा परिवार में सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है।

# भगवान महावीर के जयकारों के साथ आज निकलेगी विशाल रथयात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयन्तीद्ध पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में शुक्रवार 27 मार्च से शुरू हुए आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले में गुरुवार, 2 अप्रैल को मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी । जो गम्भीर नदी के तट पर जाएगी, जहां भगवान महावीर के पंचामृत कलशाभिषेक होगें। इससे पूर्व बुधवार को मेले में सामूहिक पूजा, मेला निरीक्षण, सामूहिक आरती, शास्त्र प्रवचन, सांस्कृतिक संध्या एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के आयोजन किए गए । दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र महावीर के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री उमरावमल संघी ने बताया कि बुधवार को प्रात: श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से चरण चिन्ह छत्री पर तथा दोपहर में कटला पश्चिमी पाण्डाल में सामूहिक पूजन की गई। कोषाध्यक्ष एवं प्रचार प्रसार मुख्य संयोजक हेमन्त सोगानी के अनुसार अपरान्ह 4 बजे उप जिला कलेक्टर एवं प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल ने मेले का निरीक्षण किया गया। मार्ग में जगह जगह स्वागत व सम्मान किया गया। सायकांल कटला प्रांगण में भगवान महावीर की संगीतमय आरती की गई। तत्पश्चात शास्त्र प्रवचन में धर्म के सिद्धांत समझाए गए। रात्रि में कटले के पूर्वी पाण्डाल में महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा सांस्कृतिक संध्या हुई जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी गई। कवि सम्मेलन मुख्य संयोजक विवेक काला ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें हास्य सम्राट अनिल अग्रवंशी दिल्ली, अमित शर्मा वीर रसद्धनोएडा, बाबू बंजारा राजस्थानी गीतकार बारां, कवयित्री शिखा अवधेश गीत. गजल पुणे, कुशल कुशलेन्द्र हास्य-व्यंगकार एवं संचालन गाजियाबाद, कवयित्री दीपा सैनी राजस्थानी हिंदी गीत जयपुर, बाल कवयित्री सान्वी जैन दिल्ली, प्रहलाद चांडक ओजस्वी गीतकारद्ध कैमला, महावीर सहित सभी कवियों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कविता पाठ किया।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी 2026-27 का शपथ ग्रहण गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे क्लब परिसर में किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि 31 मार्च 2026 को चुनाव नतीजों में अध्यक्ष मुकेश मीणा 369 मत एवं महासचिव पद पर राजकुमार शर्मा जकड़ी ने 430 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष के दो पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा और पुष्पेन्द्र सिंह राजावत निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर डॉ. मोनिका शर्मा को 416 और पुष्पेंद्र सिंह राजावत को 399 मत मिले है। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर नमोनारायण अवस्थी ने 447 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शेखावत ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर अनिता शर्मा, मतीष पारीक, निखलेश शर्मा, छगन लाल शर्मा, विकास आर्य, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, महंत संतोष कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, उमंग माथुर, धूलीलाल मीणा डीसी निर्वाचित घोषित किए गए है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं क्लब सदस्य शामिल होंगे।

## गंदे पानी से सैकड़ों बीमार : खाचरियावास ने दी चेतावनी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के सुशीलपुरा क्षेत्र में पिछले दो माह से गंदे पानी की सप्लाई के कारण सैकड़ों लोग बीमार हो गए हैं। मामले को लेकर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। खाचरियावास ने बताया कि नई सड़क निर्माण के नाम पर पहले से बनी सड़कों को रात में विरोध के बावजूद तोड़ दिया गया, जिससे सीवरेज और पानी की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं।

इसके चलते घरों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है और खासकर बच्चे बीमार हो गए हैं, जिनका इलाज डिस्पेंसरी में चल रहा है। उन्होंने मौके पर जलदाय विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत टैंकरों से स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि जहां सड़क की आवश्यकता नहीं है, वहां भी अनावश्यक रूप से सड़कों को तोड़ा जा रहा है, जो सरकार की लापरवाही और तानाशाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सीवरेज और जल लाइन की मरम्मत कर स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो जल भवन का घेराव किया जाएगा।

## सुमया ने लहराया सफलता का परचम, 12वीं बोर्ड में शानदार उपलब्धि



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के बटवालान मोहल्ले की प्रतिभाशाली छात्रा सुमया ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर सपना साकार किया जा सकता है। सुमय्या की छोटी बहन जैनब राईन ने 10 वी क्लास में 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए सुमय्या व जैनब दोनो बहनों को इस कामयाबी ने पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ा दी है। वार्ड पार्षद व ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली ने सुमया के पिता को फोन पर बधाई दी ओर बताया दोनो छात्रा होनहार हे पिता असलम राईन विदेश मे मजदूरी करते हे ओर मां ग्रहणी हे आकाश एकेडमी सी. सै. स्कूल की छात्रा सुमया ने साइंस स्ट्रीम में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन परिणाम दिया। खास बात यह रही कि उन्होंने अंग्रेजी विषय में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सुमया की इस शानदार सफलता से परिवार, शिक्षक और स्कूल प्रशासन बेहद खुश हैं। शिक्षकों का कहना है कि सुमया शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि ने अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है। सुमया की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार समाज के लिए गर्व की बात हे।


## कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर (झुन्झुनू)

क्रमांक: राकमहे/स्था/2026/17 दिनांक 01/04/2026

**बोली आमंत्रण**

महाविद्यालय में सफाई कार्य हेतु एक श्रमिक उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोली दाता/संवेदकों से खुली बोली (तकनीकी व वित्तीय बोली) दिनांक 10.04.2026, दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसकी अनुमानित लागत 125000/- है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

NIB NO- ECD2627A0001

UBN NO-ECD2627SSOB00001

**प्राचार्य/अध्यक्ष**
**महाविद्यालय विकास समिति, हेतमसर**
**राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर ( झुन्झुनू )**

**Office of Superintending Engineer Watershed Development & Soil Conservation Department, Sikar**

फोन नं.- 01572-294511 ई-मेल- sewdsc.sikar@rajasthan.gov.in

No.:- 3657-66 Date: 25-03-2026

**NOTICE INVITING BID**

**Tender No 71 Year 2025-26**

Bids for Farm Pond and Tanka In MJSA-2.0 IInd Phase Project Area In Blocks- Laxmangarh in District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 26.03.2026 Time 10:00 AM to Date 06.04.2026 Time 6:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdse

NIB No.-WSC2526A1999

UBN No.- WSC2526WSOB03317

(Ramesh Kumar Meena)
S.E. Cum P.M.
WDSC, Sikar

DIPR/C/6252/2026

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, लक्ष्मणगढ (सीकर)

क्रमांक:-न.पा.ल / 2025-26 / 4274-76 दिनांक : 28.03.2026

**ई-निविदा - सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन बोलीयां आमंत्रित की जाती है। वेबसाइट पर तकनिकी बोली सारणी में दर्षाई गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिवस का अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर बोलीया खोली जावेगी। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| UBN NO.( NIB code DLB2526B3480 | DLB2526SLOB40172, DLB2526WSOB40173, 40174 |
| निविदा फार्म डाउनलोड करने की दिनांक | 25.03.2026 को प्रात: 9.00 बजे से 07.04.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा फार्म अपलोड करने की दिनांक | 25.03.2026 को प्रात: 9.00 बजे से 07.04.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | 08.04.2026 को प्रात: 10.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क | 500 / - कार्य MDRISL, JAIPUR के नाम देय होगी। |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) तथा कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 26 / 12 **अधिशाषी अधिकारी**

# नामांकन रैली निकाली



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम बंडवा की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे प्रवेशोत्स्व अभियान का शुभारम्भ करते हुये दोनों विद्यालयों की एक सामूहिक रैली निकाली गई। विद्यालय प्रागंण से प्रारम्भ होकर रैली सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण पश्चात पुनः विद्यालय पहुँच कर एक सभा मे परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर सभा मे दोनों विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार एवं सतीश कुमार ने बोर्ड परीक्षा मे टापर रहे विधार्थियो का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभुराम जांगू, भोजराज शर्मा, रचना प्रजापत, पिंकी मीणा, रवि राठी, ललिता, ओमप्रकाश, किशोर सिंह सहित भारी संख्या मे ग्राम वासी उपस्थित थे। एवही बोर्ड परीक्षा मे विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर ग्राम वासियो ने प्राचार्य राजेंद्र कुमार का ग्राम की और से साफा पहनाकर स्वागत किया व सम्पूर्ण विद्यालय स्टॉफको साधुवाद दिया।

# वॉटर कूलर अभियान का शुभारंभ



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मार्गदर्शन में वॉटर कूलर स्थापना अभियान का शुभारंभ किया गया। बुधवार को जिला कलक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दो वॉटर कूलर्स का लोकार्पण कर शीतल जल सेवा अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं भामाशाह राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर वॉटर कूलर्स का उद्घाटन किया। यह कूलर स्वर्गीय श्रीमती संतरा देवी की पुण्य स्मृति में लहर फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी में आमजन, विशेषकर कलेक्ट्रेट में आने वाले परिवादी एवं राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संस्थाओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि मात्र 48 घंटों में इस कार्य को धरातल पर उतारना सराहनीय पहल है। उन्होंने 20 से 25 स्थानों पर वॉटर कूलर स्थापित करने के लक्ष्य को जनहित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर एवं भामाशाह का शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के पदाधिकारी, ट्रस्टीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, गोपाल कृष्ण गुप्ता, डॉ. डी.एन. तुलस्यान, श्रवण केजरीवाल, पवन केडिया, परमेश्वर हलवाई, सुनील तुलस्यान सहित अन्य उपस्थित रहे। डॉ. डी.एन. तुलस्यान ने बताया कि यह अभियान स्थानीय एवं प्रवासी भामाशाहों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अप्रैल से जून के मध्य जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकतानुसार वॉटर कूलर स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

# हनुमान महोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की स्थानीय शक्ति पीठ श्री बालाजी धाम मेहन्दीपुर घाटा बालाजी धाम में हनुमान जन्म महोत्सव की तैयारियों को जोशी पुजारी परिवार द्वारा उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मन्दिर पुजारी पंडित गोतम जोशी व ब्रजबिहारी उर्फटंडन जोशी ने संयुक्त रूप से बताया कि हनुमान महोत्सव पर गत 29 मार्च से सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ विद्वान पंडितों द्वारा प्रातः 8.15 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ विद्वान पंडितों द्वारा सायं 7.15 बजे से तक किया जा रहा है, जिसकी पूर्णाहुति आगामी 4अप्रैल को पूर्ण वैदिक विधान से की जाएगी। पुजारी परिवार के कुंजबिहारी जोशी ने बताया कि बाबा का चोला का विशेष श्रृंगार 1अप्रैल सायंकाल को होगा। चैत्र सुदी पूर्णिमा महोत्सव 2 अप्रेल को छप्पन भोग, सवामणी व भंडारा होगा। राहुल जोशी ने बताया कि रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायककार राजकुमार मंगलहारा, योगी शर्मा, गोरव पारीक व त्रिचना पारीक सहित कई थानीय भजन गायककार अपने भजनों की प्रस्तुति बालाजी को रिझायेंगे। 3 अप्रैल शुक्रवार प्रातः 11:15 बजे से शक्ति प्रसन्नता हवन व 4 अप्रेल शनिवार रात्रि 10:15 बजे से संकट मोचन हवन के हनुमान जन्म महोत्सव सम्पन्न होगा।

# दो सड़क हादसे में 6 लोग घायल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बुधवार की शाम को बोबासर के पास सुजानगढ़ चुंगी नाका रोड की ओर सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। जिनको 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया जहाँ से गंभीर स्थिति के कारण दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। युवक सूर्य प्रकाश, रतन दोनों निवासी बोबासर गांव के हैं। इसी प्रकार गत शाम को शाम करीब 7 बजे सुजानगढ़ कसूम्बी रोड पर शिवबाड़ी से आगे दो मोटरसाइकिल आपस में जबरदस्त टकरा गयी, जिससे एक मोटरसाइकिल पर सवार सुभाष, निवासी धोलिया जो सुजानगढ़ से अपने गांव जा रहा था, घायल हो गया। इसी प्रकार दूसरी मोटरसाइकिल जो कसूम्बी रोड साइड से सुजानगढ़ साइड आ रही थी, जिस पर हितेश भार्गव, शिवराज उर्फ शिवम, धीरज भार्गव, निवासी सुजानगढ घायल हो गए। जिनको बजरंगी गौ सेवा समिति के बबलू बजरंगी, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। गंभीर स्थिति के कारण सुभाष को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जसवंतगढ़ पुलिस भी मौके और अस्पताल पहुंची तथा मामले की जानकारी ली।

# हनुमंत शोभायात्रा समिति की 40वीं शोभायात्रा कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री हनुमंत शोभायात्रा समिती के तत्वावधान में 40वीं शोभायात्रा को 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेषाध्यक्ष मदन राठौड़ रामलीला मैदान से सायं 5 बजे आरती उतारकर रवाना करेगें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन पर जयपुर सासंद एवं समिति की मुख्य संरक्षक मंजु शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, समिति के पदाधिकारी एवं स्वागत समिति के सदस्य राकेश राठी, एन के गुप्ता, हरिमोहन डंगायच, ओम माहेशवरी, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्यमंत्री का स्वागत करेगें। साथ ही जयपुर के प्रमुख बैण्ड वादक अपनी धुनो से स्वागत के कर्म को आगे बढाएंगे। शोभायात्रा रामलीला मैदान से रवाना होकर सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर सायं 6 बजे पहुंचेगी। जहां पर भाजपा के विधायक, सांसद एवं अन्य गणमान्य नगरीक आरती उतारकर यात्रा का स्वागत करेगे। रामलीला मैदान मे आयोजित मुख्य समारोह मे जयपुर के प्रसिद्ध मंदिरो के संत, महात्मा, महामण्डेलष्वर आदि उपस्थित रहेगे। जहां पर सभी संतो का मुख्यमंत्री सम्मान करेगें। हनुमान महोत्सव में पहली बार बड़ी चौपड़ पर 2 व 3 अप्रैल को 12 फीट के हनुमानजी की मूर्ति विराजमान की जाएगी। जो महोत्सव में आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगी।

## ये गणमान्य लोग होंगे शोभायात्रा में शामिल

रामलीला मैदान से शोभायात्रा रवाना होने के बाद सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां पर सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजु शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुन्दाचार्य, पूर्व प्रदेशध्यक्ष अशोक परनामी, किशनपोल विधानसभा विधायक प्रत्याशी चन्द्रमनोहर बटवाड़ा, आर.एस.एस. के प्रमुख पदाधिकारी शोभायात्रा की आरती उतारेंगे। शोभायात्रा जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इन्दिरा बाजार, खजाने वालो के रास्ते होती हुई चांदपोल दरवाजे स्थित भगवान श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुँचेगी। शोभायात्रा का त्रिपोलिया गेट पर जयपुर के राजपरिवार की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा।

## 40 व्यापार संगठन एवं सामाजिक संगठन करेंगे स्वागत

यात्रा मार्ग मे लगभग 40 व्यापार संगठन एवं सामाजिक संगठन शोभायात्रा का स्वागत करेंगे।

जिनमे हल्दियों का रास्ता व्यापार मंडल, किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, खटीक समाज, मीणा समाज, वाल्मिकी समाज, सिख समाज, गुर्जर समाज आदि यात्रा मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर मंच बनाकर यात्रा का भव्य स्वागत करेगे।

शोभायात्रा मार्ग पर सभी व्यापारियों एवं दुकानदारो को निमंत्रण दिया गया है। व्यापारियो एवं आमजन में यात्रा को लेकर काफी उत्साह है।



## स्वर्ण मंडित हनुमान रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे हनुमान महाराज

शोभायात्रा मे जयपुर स्थापना के समय बनाए गए स्वर्ण मंडित हनुमान जी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेगें। शोभायात्रा मे इलेक्ट्रोनिक झांकियां आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगी। जिसमे 12 फीट काले हनुमानए राम जी धनुश वाले, शिव जी पर राम जी जल चढ़ाते हुए, उडते हुए हनुमान, हनुमान जी शिव जी पर जल चढ़ाते हुए, वाल्मीकी लव कुष के साथ, विशाल 12 फीट खडे हनुमान, गणेश भगवान शिव पार्वती के चक्कर लगाते हुए, एवं अनके प्रकार कि आकर्षण झांकिया शोभायात्रा मे शामिल की गई है। इसी के साथ ही नीम करौली बाबा, सालासर बालाजी, खोले के हनुमान, घाट के बालाजी, हरिसिंह भोमिया जी, पीपलदा हनुमान, चिन्ताहरण हनुमान के साथ जयपुर के सभी प्राचीन हनुमान मंदिरो के रथ शोभायात्रा मे शामिल होगे। इसके साथ ही 35 रथों पर सभी झांकिया शहर में विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। शोभा यात्रा मे इस बार पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में शोभायात्रा मे शामिल होगी। इसके साथ ही अलग-अलग स्थानों पर भगवा गुब्बारे एवं केसरिया पताका लगााकर जयपुर शहर की अलौकिक तरीके से सजावट की जाएगी।

# लेफ्टिनेंट जनरल जैन ने दक्षिणी कमान का कार्यभार किया ग्रहण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन एवीएसएम एसएम ने जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएमए यूवाईएसएमए एवीएसएम का स्थान लिया है, जिन्होंने आज उप सेना प्रमुख का पदभार संभाला है। नेशनल डिफेंस एकेडमी के पूर्व कैडेट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने जून 1988 में महार रेजिमेंट में कमीशन लिया। लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य करियर में उन्होंने विविध संचालनात्मक परिदृश्यों में व्यापक कमांड एवं स्टाफ नियुक्तियों का दायित्व संभाला है। जन संपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार जनरल अधिकारी ने अर्द्ध-विकसित क्षेत्र तथा दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में एक इन्फैंट्री बटालियन को कमान किया है, साथ ही स्ट्राइक कोर में इन्फैंट्री ब्रिगेड, काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स तथा उत्तरी कमान में पिवट कोर की कमान भी की है। उनके संचालनात्मक अनुभव में ऑपरेशन पवन में भागीदारी, इथियोपिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा तथा नियंत्रण रेखा और पूर्वोत्तर क्षेत्र में उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों एवं काउंटर इंसर्जेंसी अभियानों में अनेक कार्यकाल शामिल हैं। वह कर्नलऑफ महार रेजिमेंट भी हैं। दक्षिणी कमान का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, उन्होंने मुख्यालय दक्षिणी कमान में चीफऑफस्टाफके रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने क्षमता विकास, बल संरचना पुनर्गठन तथा



समग्र संचालनात्मक तत्परता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनरल अधिकारी ने आर्मी वार कॉलेज में हायर कमांड कोर्स तथा केन्या में नेशनल डिफेंस कोर्स किया है। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल एवं सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने दक्षिणी कमान युद्ध स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मुख्यालय दक्षिणी कमान में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कमान अपने विविध उत्तरदायित्व क्षेत्रों-जिनमें रेगिस्तान, रण एवं क्रीक क्षेत्र, तटीय क्षेत्र, द्वीपीय क्षेत्र तथा भीतरी भूभाग शामिल हैं, में संकलनात्मक तत्परता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करती रहेगी। उन्होंने जेएआई ढांचे के अंतर्गत संयुक्तता को सुदृढ़ करने, स्वदेशी क्षमता विकास तथा प्रौद्योगिकी के समावेशन पर बल दिया तथा सभी रैंकों को बदलती संकलनात्मक चुनौतियों के अनुरूप उच्च स्तर की तैयारी, व्यावसायिकता एवं युद्धक तत्परता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

# नगर भ्रमण पर निकलेंगे खाटू नरेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामगंज बाजार में कांवटियो का खुर्रा स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में महंत पंण्लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था का तीन दिवसीय 60 वां वार्षिकोत्सव बुधवार से शुरू हुआ। संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा और कुंज बिहारी आवासवाले ने बताया कि बधुवार को महिला मंडल की ओर से श्याम प्रभु के दरबार में भजनामृत सत्संग हुआ। अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर महाआरती की गई। इसके बाद दोपहर से शाम 6 बजे तक महिला मंडल की सदस्याओं ने बाबा श्याम को रिझाया। महिला मंडल अध्यक्ष रमन मिश्रा, शालू मिश्रा ने सभी का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। चैत्र पूर्णिमा को सुबह सवा दस बजे मंदिर महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में 11 ब्राह्मण वेद मंत्रोच्चार के साथ बाबा श्याम की विशेष पूजा करेंगे। इस मौके पर खाटू नरेश का दुग्धाभिषेक भी किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार दर्शन भजनामृत सत्संग किया जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकली कलश शोभायात्रा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करतारपुरा स्थित श्री मनसापूरण हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के तहत भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर महंत राधेश्याम लल्लू महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में श्री मनसापूरण हनुमान जी के चित्र की आकर्षक झांकी और प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। बैण्ड.बाजों और लवाजमे के साथ निकली यात्रा में महिलाएं कलश लेकर मंदिर से रवाना हुईं। श्रद्धालु जयकारे लगाते और भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल रहे। यह शोभायात्रा करतारपुरा, महेश नगर, 80 फीट रोड और सैनी कॉलोनी होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में सामूहिक रामायण पाठ, 4100 दीपकों के साथ ढोल-ताशों के बीच भगवान की महाआरती की गई तथा बालाजी का विशेष श्रृंगार किया गया। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 8 बजे पंचामृत दुग्धाभिषेक एवं रुद्र पाठ का आयोजन होगा। साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन होंगे। शाम को 11 हजार लड्डुओं का भोग लगाकर महाआरती की जाएगी।

# अनुठी पहल : 1 रुपया नारियल में तीन शादियां, क्षेत्र में मिसाल बना परिवार



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर तहसील के नजदीक के ग्राम पंचायत सिमसिया में एक ऐसी अनूठी पहल देखने को मिली है, जिसने दहेज प्रथा पर सवाल खड़े कर दिए हैं और समाज को नई दिशा देने का काम किया है। सिमसिया गांव निवासी सिमसिया गौशाला के अध्यक्ष गोविंद राम प्रजापत के घर एक साथ दो पुत्रों और एक पुत्री की शादी का आयोजन हुआ। खास बात यह रही कि उन्होंने अपने दोनों पुत्रों-जयराम प्रजापत और गौरव प्रजापत-की शादी में दहेज के रूप में केवल 1 रुपया और नारियल ही स्वीकार किया। वहीं, उनकी पुत्री गायत्री की शादी में भी लड़के पक्ष के सांवरमल भोभरिया ने सराहनीय पहल करते हुए दहेज में मात्र 1 रुपया और नारियल ही लिया। इस तरह तीनों शादियां बिना दहेज के सादगी और सामाजिक संदेश के साथ सम्पन्न हुई। बड़े पुत्र जयराम की शादी सुजानगढ़ निवासी जानवी पुत्री दीनदयाल सारडीवाल के साथ, छोटे पुत्र गौरव की शादी दड़ीबा निवासी हेमलता पुत्री सीताराम भोभरिया के साथ तथा पुत्री गायत्री की शादी छापर निवासी श्रीराम के साथ संपन्न हुई। इस अनूठी पहल की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। ग्रामीणों और समाज के लोगों का कहना है कि इस तरह की सोच से ही दहेज जैसी कुप्रथा को खत्म किया जा सकता है। गोविंदराम सत्संग करते हैं तथा गौ सेवार्थ में तत्पर रहते सत्संग में जो भी धनराशि आती है।

वह सारी धनराशि गौ सेवा में समर्पित कर देते हैं। इस अवसर पर राजस्थान गो ग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच, भगवानाराम कुचेरिया, पवन फोगला, मांगीलाल प्रजापत, पूर्व पार्षद लालाराम कुचेरिया, गोविंद कठौड़, जगदीश कठोड, प्रधानाचार्य मनोज प्रजापत, शंकर लाल प्रजापत, नेमीचंद स्वामी सहित अनेकों व्यक्ति मौजूद रहे।

# शानदार परिणाम पर निकाली रैली



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय सुभाष बोस शिक्षण संस्थान लाडनूं में 12वीं कक्षा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत शानदार रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। कला वर्ग में गरिमा गुर्जर ने 98 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लाडनूं शहर में शीर्ष स्थान हासिल किया। विज्ञान वर्ग में अजंता जाट ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लाडनूं टॉपर बनीं, वहीं वाणिज्य वर्ग में आदित्य जांगिड़ ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लाडनू शहर को टॉप किया है। विद्यालय के कुल 49 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया, जिससे विद्यालय का कुल परिणाम शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी टॉपर्स एवं सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# गौ सेवा व मानव सेवा को समर्पित श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने जागों इंडिया जागों के साक्षातकार में बताया कि वर्ष-2020 कोविड के दौरान पूरे भारत वर्ष में लगे लॉकडाउन जहां हर कोई अपनी रोजी-रोटी को लेकर चितित था। वैसी वैश्विक महामारी में गरीब की मदद के लिए 5 युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए गरीबों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण करने का जिम्मा उठाया। उस समय इन पांचों युवाओं ने किसी भी तरह की कोई समिति का गठन नहीं किया और संपूर्ण लॉकडाउन खाद्य सामग्री प्रति दिन जरुरतमंदों को उपलब्ध कराई।

## वर्ष 2025 से मासिक गौ सेवा का कार्य हुआ शुरु

जैसे-जैसे लोगों को इस सामाजिक कार्य का पता चलता गया, वैसे-वैसे ही लोग इस नेक कार्य से जुड़ेते चले गए। जिसके बाद वर्ष-2025 में समिति के सभी सदस्यों व पदधिकारियों ने एकजुट होकर मासिक गौ सेवा कार्य का जिम्मा उठाया। जिसमें हर माह की



अमावस्या को पिछड़ी हुई गौ शाला में अलग-अलग जगहों पर हरा व सुखे चारे के साथ गुड़, खल आदि वितरण किया।

## वर्ष-2026 में हुआ समिति का रजिस्ट्रेशन

गौ सेवा और निशक्त जनों कि सेवा के उद्देश्य से समिति ने वर्ष-2026में समिति का रजिस्ट्रेशन करवाया । जिसमें अब तक लगभग 300 से अधिक सदस्य सक्रिय रुप से कार्य कर रहें है। समिति गौसेवा के साथ ही प्रत्येक माह को अनाथ आश्रमएव निशक्तजनों को निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य भी करती आ रहीं है। इसी के साथ गर्मियों में पक्षियों के लिए पंरिड़े और गायों के पीने के पानी के लिए टंकी लगाने का कार्य भी करती आ रहीं है। समिति की ओर से दर्जनों पानी की टंकी लगवाई जा चुकी है।

## ये है समिति के सक्रिय, कर्ममठ कार्यकर्ता

समित के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया कि समिति में अब कुल 24 कार्यकर्ता सक्रिय रुप से सामाजिक कार्य से जुड़े हुए है। समिति में मार्ग दर्शन के लिए संचालक राधेश्याम टेलर ने अपनी जिम्मेदारी को संभाल रखा है। वही उपाध्यक्ष के रुप में रामचंद्र चौधरी अपनी सेवाएं दे रहें है। हनुमान सहाय लुगरिया, संजय कुमार मीणा, अशोक प्रजापत, सुरेंद्र बैरवा, रमेश चंद्र मेवाड़ा, विष्णु शर्मा, सुनील कुमावत, अरविंद टेलर, किशोर लाल, अरुण शर्मा, रामफूल, कन्हैया लाल शर्मा, गणेश नारायण, कन्हैया लाल लुगरिया, भंवर लाल, सुनील प्रजापत, श्योप्रताप, मेघराज, अग्रसेन वर्मा, राशिद व रामू चारण ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

# 227 हाई रिस्क गांवों में लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 227 हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। इस क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान जिले में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग व बीपी, शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 227 हाई रिस्क गावों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे एवं बलगम की जांच की जाए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया की राज्य सरकार के 30 पॉईंट के आधार जिले के 227 गांवों को हाई रिस्क गांव माना है, इनमें रतनगढ़ में 30, चूरू में 27, राजगढ़ में 30, सरदारशहर में 60, तारानगर में 26, सुजानगढ़ में 29 व बीदासर में 25 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।

# जयपुर से लोसल होते हुए सालासर तक परिवहन निगम की बस सेवा शुरू

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** हनुमान जयंती के एक दिन पहले लोसल अंचल के लोगों को विधायक गोरधन वर्मा ने सालासर बालाजी का दर्शन करने जाने वाले भक्तों एवं आमजन को परिवहन निगम की बस की सौगात दी है। पहली बार लोसल से इस मेगा हाइवे पर निगम की बस का शुभारंभ होने पर विधायक का लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

राजस्थान राज्य परिवहन निगम जयपुर का डिपो से लोसल होते हुए सालासर बालाजी का घाम के लिए एक नई बस सेवा शुरू की है। यह परिवहन निगम की बस सुबह 8:45 पर जयपुर से




रवाना होकर कालवाड़ जोबनेर पचकोडिया रेनवाल खाचरियावास दांतारामगढ खूड लोसल सिंगरावट शाहपुरा गनेडी नेछवा होते हुए डेढ बजे सालासर पहूंचेगी। एक अप्रेल से जयपुर परिवहन निगम ने यह नई बस सेवा शुरू की है। रास्ते में जगह.जगह पर बस स्टैंड पर चालक एवं परिचालक का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रियों का भी माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। लोसल बस स्टैंड पर बस पहुंचने पर विधायक गोरधन वर्मा ने बस में बैठकर सफर किया चालक परिचालक को साफा माला पहराई गई। यह नई बस सेवा विशेष रूप से धार्मिक यात्रियों और आमजन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जो सालासर मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं।

निगम ने धार्मिक स्थल के लिए नई बस शुरू करने पर लोगों में काफी उत्साह है। जानकारी के अनुसार कि यह बस लोसल 12:30 बजे सालासर 1:30 बजे पहुंचेगी। सालासर उसी दिन वापसी 3:30 बजे रवाना होकर जयपुर पहुंचेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190